


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 136 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 3 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




## खास-खबर



### भारत की ताकतः भारतीय को निकलने के लिए खारकीव में छह घंटे तक रोके हमले, रूस ने जंग रोककर दिया मौका

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रूस ने बीती रात यूक्रेन के खारकीव में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकलने के लिए छह घंटे तक हमले रोक दिए। भारत की पहल पर रूस ने यह बड़ी मोहलत दी। इसे भारतीय कूटनीति व पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

रूस-यूक्रेन जंग के बीच भारतीयों की युद्धस्तर पर निकासी जारी है। इस बीच रूस ने खारकीव में यह राहत प्रदान की। बीती रात पीएम नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की थी। उन्होंने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए मदद मांगी थी। इसके बाद खारकीव में छह घंटे के लिए हमले रोक दिए गए। खबरों के मुताबिक ये हमले बुधवार रात 9.30 बजे से रोके गए थे।

नितिन गोखले ने ट्वीट कर कहा कि खारकीव में चौतरफा हमले करने से पहले रूस ने बीती रात सभी भारतीयों को वहां से निकलने के लिए छह घंटे जंग रोक दी।

इसी तरह आदित्य राज कौल ने ट्वीट किया, जरा सोचिए। जब से जंग शुरू हुई है, अमेरिका या चीन अपने नागरिकों को निकालने में असहाय हैं। भारत छह घंटे के लिए खारकीय में जंग रुकवाने में कामयाब हो गया। उम्मीद है बचे विद्यार्थी भी निकाल लिए जाएंगे।'

आर्गनाइजर वीकली ने ट्वीट किया, 'भारत आज खारकीव में छह घंटे जंग रुकवाने में कामयाब हो गया। भारतीय लोकतंत्र की ताकत तो देखिए।'

महेश विक्रम हेगड़े ने लिखा 'जब चीन, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश यूक्रेन में घुसने में घबरा रहे हैं, भारत अपने 60 फीसदी नागरिकों को वहां से निकालने में कामयाब रहा। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने पुतिन से बात की और छह घंटे के लिए जंग रुकवाने में सफल रहे। यह मोदी जी की ताकत है।

## सरकार कर रही अपना काम

# क्या हम पुतिन को दे सकते युद्ध रोकने का निर्देश?-सुको

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** रूस और यूक्रेन की लड़ाई का आज आठवां दिन है। युद्धग्रस्त इलाकों से भारतीय छात्रों को निकालने के लिए ऑपरेशन गंगा चलाया जा रहा है। यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को निकालने के लिए भारत सरकार को निर्देश देने के लिए एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनकी याचिका पर आज सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एनवी रमना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि भारत सरकार भारतीयों को निकालने के लिए अपना काम कर रही है।

ऑपरेशन गंगा के तहत आज 3726 भारतीयों को यूक्रेन से वापस लाया जाएगा है। यह जानकारी केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने दी है। उन्होंने कहा कि बुखारेस्ट से 8 फ्लाइट, सुसेवा से 2 फ्लाइट, कोसिसे से 1 फ्लाइट, बुडापेस्ट से 5 फ्लाइट और रेज़्ज़ो से 3 फ्लाइट से भारतीय छात्रों और



अन्य लोगों को वापस लाया जाएगा।

भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना ने कहा, हमें छात्रों के साथ सहानुभूति है, हमें बहुत बुरा लग रहा है। लेकिन क्या हम रूस के राष्ट्रपति पुतिन को युद्ध रोकने का निर्देश दे सकते हैं?

यूक्रेन से विमान के जरिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे एक छात्र ने कहा, समस्या (यूक्रेन के) पूर्वी हिस्से में है और लोगों (छात्रों) को वहां मदद की आवश्यकता है। एक अन्य छात्रा ने कहा कि वह यूक्रेन की सीमा पार करने में सफल रही, लेकिन कई छात्र अब भी फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा, इसलिए मैं प्रार्थना कर रही हूं कि वे भी वहां से बाहर निकल जाएं। छात्रा ने कहा, विमान में सीट आरक्षित कराना मुश्किल था। छात्रों को उड़ान में सीट नहीं मिल पा रही थी, लेकिन फिर भारतीय दूतावास ने इसमें हमारी मदद की।

### पूर्वी यूक्रेन में फंसे भारतीयों को मदद की आवश्यकता हैः छात्र

यूक्रेन से बृहस्पतिवार को मुंबई पहुंचे एक छात्र ने कहा है कि युद्धग्रस्त देश में अब भी कई भारतीय छात्र फंसे हुए हैं और उन्हें मदद की आवश्यकता है। अधिकारियों ने बताया कि युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे 183 यात्रियों को हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट से लेकर एक विशेष विमान बृहस्पतिवार सुबह मुंबई पहुंचा। इन यात्रियों में एक नवजात भी शामिल है। केन्द्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे ने मुंबई पहुंची तीसरी निकासी उड़ान में सवार लोगों का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। 'एअर इंडिया एक्सप्रेस' का विमान सुबह करीब साढ़े पांच बजे बुडापेस्ट से यहां पहुंचा।

## यूक्रेन संकट के बीच क्वॉड देशों का सम्मेलन, पीएम मोदी और जो बाइडेन भी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के बीच आज क्वॉड देशों का वर्चुअल सम्मेलन होने वाला है। इसमें भारत के अलावा, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका भी हिस्सा लेंगे। बता दें कि अमेरिका लगातार भारत पर इस बात का दबाव बना रहा है कि वह यूएन में रूस के खिलाफप्रस्ताव पर वोटिंग करे। हालांकि भारत ने बातचीत के जरिए हल निकालने की वकालत की है और वोटिंग से दूरी बना ली है।
प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। क्वॉड की इस बैठक में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा शामिल होंगे। क्वाड की पहली फिजिकल मीटिंग वॉशिंगटन में 21 सितंबर को हुई थी। इसके बाद यह दूसरा मौका है जब इन क्वाड सदस्यों



के बीच बातचीत होने जा रही है।
हिंद प्रशांत क्षेत्र में हो रहे डिवेलपमेंट के बारे में भी ये देश चर्चा करेंगे। इसके अलावा क्वॉड देशों की सकारात्मक पहल को लेकर प्रयास तेज करने के बारे में इस सम्मेलन में बात की जाएगी।
बता दें कि यह बैठक पहले से नहीं शेड्यूल की गई थी। पहले जापान ने योजना बनाई थी कि 2022 के पहले छह महीने के अंदर वह इन पर्सन मीट का आयोजन करेगा। हालांकि फिजिकल मीटिंग को लेकर कोई तारीख अभी निश्चित नहीं हो पाई है। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में यूक्रेन संकट का कोई जिक्र नहीं किया है। रूस के हमले से यूक्रेन में संकट खड़ा हो गया है। इसलिए इस सम्मेलन में इस विषय पर भी चर्चा की जा सकती है। ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका ने रूस पर प्रतिबंध लगाए हैं। हालांकि भारत ने अभी इस मामले में दूरी बना रखी है। अभी भारत इस बात को प्राथमिकता दे रहा है कि कैसे यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकाल जाए। इसके अलावा भारत की तरफ से यूक्रेन को मानवीय सहायता भी भेजी गई है।

## डबरापारा चौक पर बड़ा हादसा

# डंपर की ठोकर से स्कूटी सवार मां बेटे की मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** डबरापारा चौक खुर्सीपार के पास गुरुवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। डंपर की चपेट में आने से स्कूटी सवार मां बेटे की मौत हो गई। हादसा सुबह 7:30 बजे से 8 बजे के बीच की है। हादसे के बाद काफी देर तक जाम की स्थिति रही। खुर्सीपार पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शवों को मरच्यूरी भेजा। मृतकों की पहचान पुरैना निवासी शशि मिश्रा (50) व अश्विनी मिश्रा (30) के रूप में हुई है।

खुर्सीपार पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुरैना निवासी अश्विनी मिश्रा अपनी मां शशि मिश्रा के साथ आज सुबह घर से निकला। डबरा पारा चौक पर व ट्रांसपोर्ट नगर रोड की ओर मुड़ा। इस दौरान सामने से आ रही डंपर क्रमांक छत्र12 छ 0817 ने उसकी स्कूटी को जोरदार ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मां बेटे की मौके पर ही मौत हो गई।

### सड़क पर बिखरे शव के चीथड़े

हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सड़क पर शव के चीथड़े उड़ गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को समेटा और मरच्यूरी भेजा। इस दौरान डबरा पारा चौक पर काफी देर तक जाम की स्थिति रही। हादसे के बाद डंपर सवार डंपर सड़क पर छोडकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। इधर खुर्सीपार पुलिस ने मृतकों के परिजनों से संपर्क किया है।



### हादसे के बाद डंपर चालक फरार

खुर्सीपर थाना प्रभारी दुर्गेश शर्मा ने बताया कि ड़पर की ठोकर से पुरैना निवासी मां बेटे की मौत हो गई है। हादसा चौक पर स्कूटी मोड़ते समय हुआ। विपरीत दिशा से आ रही डंपर ने उसे चपेट में ले लिया है। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक फरार हो गया है। पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई कर शवों को मरच्यूरी भेज दिया है। हादसे के कारण दोनों के शव क्षत विक्षत हो गए हैं। फिलहाल घटना की जांच की जा रही है।

# शारीरिक संबंध बनाओ, नहीं तो फेल कर दूंगा, छात्रा को धमकी देने वाला टीचर अरेस्ट



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में एक शिक्षक ने गुरु-शिष्य के रिश्ते और मर्यादा को तार-तार कर दिया है। जिले में एक छात्रा को फेल करने की धमकी देने और उसे अश्लील वीडियो और मैसेज भेजने के आरोप में पुलिस ने शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

कोरिया जिले के पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के एक सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली 10वीं कक्षा की छात्रा को अश्लील वीडियो और संदेश भेजने के आरोप में पुलिस ने 42 वर्षीय शिक्षक नैयर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि छात्रा और उसके परिजनों ने आरोप लगाया है कि शिक्षक छात्रा को प्रैक्टिकल में फेल करने की धमकी दे रहा था।

### शारीरिक संबंध का दबाव बना रहा था शिक्षक

पुलिस के मुताबिक, आरोपी शिक्षक अश्लील वीडियो और मैसेज भेजकर छात्रा से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। उन्होंने बताया कि छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफमामला दर्ज कर लिया है तथा शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# यूक्रेन से छत्तीसगढ़ लौटे 39 स्टूडेंट्स, दिल्ली के हेल्प डेस्क पर फोन कर 134 ने मांगी मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रूस-युक्रेन वार के बीच यूक्रेन के युद्ध ग्रस्त क्षेत्रों में फंसे लोगों की सकुशल वापसी के लिए केंद्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की पहल से अब तक छत्तीसगढ़ के 39 छात्र-छात्राओं की सकुशल वापसी हो गई है। यूक्रेन से लौटे स्टूडेंट्स के दिल्ली व मुंबई में ठहरने व भोजन का खर्च छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उठाया जा रहा है। राज्य सरकार ने छात्रों को दिल्ली व मुंबई से आने का पूरा प्रबंध किया है।

बता दें कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा यूक्रेन संकट के दौरान छत्तीसगढ़ के छात्र-छात्राओं की मदद के लिए नई दिल्ली में हेल्प डेस्क शुरू किया है। 27 फरवरी से 2 मार्च की शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ के 39 स्टूडेंट्स की



सुरक्षित वापसी हो चुकी है। सीएम के निर्देश पर विद्यार्थियों को वाहन, ठहरने, भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दिल्ली आने वाले छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ सदन में भी ठहराया जा रहा है। विद्यार्थियों को उनके गृह नगर जाने के लिए एयर टिकट कराकर उनके परिजनों को सकुशल सौंपा भी जा चुका है। दहशत के बीच घर लौटने पर विद्यार्थियों में खुशी है। यूक्रेन से लौटे छात्रों का कहना है कि वहां के हालात बेहद खराब है। हर पल खतरा है।

### अब तक 134 लोगों ने किया संपर्क

नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन के संयुक्त आवासीय आयुक्त संजय अवस्थी ने बताया कि नई दिल्ली में बनाये गए हेल्प डेस्क में 22 फरवरी से निरंतर दूरभाष पर यूक्रेन में फंसे छत्तीसगढ़ के 134 छात्र-छात्राओं तथा उनके परिजनों से लगातार संपर्क बना हुआ है। विदेश मंत्रालय से लगातार संपर्क कर प्रदेश के बाकी छात्रों को भी वहां से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही सभी की सुरक्षित वापसी हो जाएगी। 27 फरवरी को यूक्रेन से भारत लौट छत्तीसगढ़ के 6 छात्रों से सीएम भूपेश बघेल ने नई दिल्ली के छत्तीसगढ़ सदन में मुलाकात की थी।

### छत्तीसगढ़ सदन में हेल्पलाइन नंबर जारी

सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त कार्यालय के संपर्क अधिकारी गणेश मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनसे लैंडलाइन 011-46156000 और मोबाइल नंबर 99970-60999 से संपर्क किया जा सकता है। यूक्रेन हेल्प डेस्क का एक फैक्स नंबर 011-46156030 भी जारी किया गया है। यहां अब तक 134 लोगों ने कॉल कर अपने बच्चों व परिजनों के यूक्रेन में होने की जानकारी साझा की है।

# पद्मनाभपुर फ्लाईओवर पर स्कॉर्पियो से भिड़ी दो बाइक ब्रिज से गिरे बाइक सवार की मौत, तीन घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर फ्लाईओवर में गुरुवार तड़के एक स्कॉर्पियो व दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई वहीं तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक को जिला अस्पताल व दो युवकों को रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने हासदे के बाद मौके पर पहुंच रेस्क्यू किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार पद्मनाभपुर फ्लाईओवर पर यह हादसा तड़के 2:30 से 3 बजे के बीच की है। स्कॉर्पियों क्रमांक सीजी 04 डीएच 0551 दुर्ग से हुडको की ओर जा रही थी। इसी दौरान हुडकों की ओर से दो बाइक सवार आर रहे थे। पुल पर स्कॉर्पियो व दोनों मोटर साइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। इससे एक बाइक सवार पुल से सीधे नीचे गिर गया और तीन लोग पुल पर गिर गए।

### पुल से गिरा एक बाइक सवार

हादसे में पुल से गिरे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीन अन्य घायल हैं। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पद्मनाभपुर पुलिस ने मृतक के शव को मरच्यूरी भिजवाया। वहीं घायलों को अस्पताल भेजा। मृतक के जेब से एक एटीएम कार्ड मिला है जिसमें गंगुराम देशलहरे लिखा हुआ है। पुलिस मृतक का यही नाम मानकर चल रही है। वहीं घायलों की पहचान विक्रांत, यशवंत व देवसिं के रूप में हुई है।

### गंभीर घायलों को भेजा गया रायपुर

पद्मनाभपुर चौकी प्रभारी ने बताया कि घायलों में दो काफी गंभीर अवस्था में थे। तीनों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया। जिला अस्पताल से विक्रांत व यशवंत को रायपुर रेफर किया गया। वहीं देवसिंह का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। चौकी प्रभारी ने बताया कि बाइक सवार युवकों द्वारा होर्डिंग लगाने का काम किए जाने की जानकारी मिली है। फिलहाल इनके परिजनों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# नक्सलगढ़ में फैल रहा ज्ञान का उजियारा, लाल आतंक की वजह से बंद सुकमा के 123 स्कूलों में फिर पढ़ाई शुरू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के अति नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में फोर्स के दबाव में नक्सली सरेंडर कर रहे हैं या फिर मुठभेड़ में मारे जा रहे हैं। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में सड़क, भवन सहित विकास कार्य भी चल रहे हैं। शिक्षा से माओवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की भी तैयारी है। शासन बंद स्कूलों को दोबारा शुरू कर रही है। कोंटा विकासखंड में लाल आतंक की वजह से 15 साल से बंद चिंतलनार और जगरगुंडा स्कूल को फिर शुरू कर दिया गया है। यहां स्थानीय युवाओं यानी शिक्षादूतों की मदद से पढ़ाई भी शुरू हो गई है।

जिला प्रशासन द्वारा झोपड़ियों के स्थानों पर पक्के भवन बनना शुरू किया गया है। पहले चरण में 45 स्कूल भवनों का निर्माण किया गया है



तथा 49 भवनों का निर्माण प्रगति पर है। 15 साल पहले नक्सली हिंसा के चलते विकासखंड कोंटा के 123 स्कूल बंद हो गए थे। नक्सलियों ने स्कूल भवनों को ढहा दिया था, जिनमें 100 प्राथमिक, 22 माध्यमिक एवं 1 हाई स्कूल शामिल है। अंदरूनी इलाकों में स्कूल भवनों को माओवादियों ने इसलिए ढहा दिया था, ताकि फोर्स वहां न रुक पाए। अभी जिस गांव में भवन नहीं है, वहां ग्रामीणों के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा झोपड़ियां तैयार की गई हैं। अस्थायी शेल्टर निर्माण करने 40 हजार रुपये शासन द्वारा खर्च भी किए गए हैं।

### स्थानीय युवाओं को भी मिल रहा रोजगार

जनसंपर्क से मिली जानकारी के मुताबिक वनों के अंदर बसे इन अति संवेदनशील ग्रामों में बच्चों को पढ़ाने स्थानीय स्तर पर शिक्षित बेरोजगार युवाओं का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षित होने के बाद 97 युवकों को पंचायत स्तर पर नियुक्त भी किया गया है। इन युवाओं को जिला प्रशासन की तरफसे हर महीने 11 हजार रुपये का मानदेय भी दिया जा रहा है। इन शिक्षादूतों ने लगभग 4 हजार से अधिक बच्चों को चिन्हांकित किया, जो शिक्षा से वंचित हो चुके थे।

## संपादकीय

# भारत के प्रयास

यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में भारतीय पक्ष का रुख न केवल संवेदनशील, बल्कि संतुलित भी है। भारत ने हमले की निंदा खुले शब्दों में भले न की हो, लेकिन उसने रूसी हमले का पक्ष भी नहीं लिया है और यूक्रेन की स्वतंत्रता और संप्रभुता के पक्ष में डटा हुआ है। कुल मिलाकर, भारत शांति का पक्षधर है और उसने विदेश मंत्रालय के स्तर से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक यह बार-बार दोहराया है। भारत का इतिहास है कि इसने कभी किसी देश पर आगे बढ़कर हमला नहीं किया और न कभी किसी हमले का पक्ष लिया है। अगर भारत लगातार दुनिया के देशों से यह सुनता आया है कि वह शांति से पड़ोसियों के साथ अपने विवादों को सुलझाए, तो भारत दूसरे देशों को भी समय-समय पर यह जरूरी नसीहत देता आया है। संयुक्त राष्ट्र में भी भारत का पक्ष पारदर्शी है। प्रधानमंत्री भी विश्व के दूसरे देशों के नेताओं के साथ सुलह-शांति की दिशा में सक्रिय हैं। मंगलवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के बीच बात हुई है, दोनों पूरी तरह सहमत थे कि जल्दी से जल्दी युद्धविराम होना चाहिए।

> भारत उन सबके साथ है, जो मदद की बाट जोह रहे हैं। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष के साथ-साथ अपना हित देखते हुए शांति और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए।

युद्ध जब शुरू हुआ था, तब भारत पर विशेष दबाव था कि वह युद्ध रोकने की पहल करे और भारत ने अपने दायरे में रहते हुए पुरजोर कोशिश की भी है। यहां तक कि भारत के रुख से अमेरिका को भी कोई शिकायत नहीं है। रूस भारत का आजमाया हुआ मित्र देश है, इस हिसाब से भी भारत का संतुलित रुख वास्तव में युद्ध का विरोध ही है। भारत में पदस्थ रूसी राजदूत ने भी संयुक्त राष्ट्र में भारत द्वारा अपनाए गए निष्पक्ष और संतुलित रुख के लिए आभार जताया है। भारत ने न केवल संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने का आह्वान किया है, बल्कि हिंसा और शत्रुता को तत्काल समाप्त करने की भी मांग की है। भारत इस समस्या का समाधान कूटनीति के रास्ते से देखना चाहता है। पिछले दिनों कुछ व्यग्रता का परिचय देते हुए पोलैंड जैसे देश भारत या भारतीयों के खिलाफदिखने लगे थे, लेकिन अब उन्हें भी भारत की कोशिशों का महत्व समझ में आने लगा है। भारत की कोशिशें उन देशों से कहीं बेहतर हैं, जो यूक्रेन को हथियार देकर आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। लेकिन उन्हें यह सोच लेना चाहिए, जब रूस में तबाही शुरू होगी, तब इस युद्ध का क्या रुख होगा? यह बात रूस तक भी पहुंचनी चाहिए और भारत इस ओर इशारा कर रहा है। ऐसा भी नहीं है कि पूरा रूस ही हमले का हामी हो गया हो।

आज जरूरी है कि यूक्रेन में मुश्किल में फंसे भारतीयों ही नहीं, बल्कि आम लोगों तक हर जरूरी मानवीय मदद पहुंचे। ध्यान रहे, भारत मानवीय आधार पर राहत सामग्री यूक्रेन भेजने में आगे है। जो विमान भारतीयों को लाने के लिए उधर जा रहे हैं, उनमें राहत सामग्री के पैकेट भी भेजे जा रहे हैं। भारत उन सबके साथ है, जो मदद की बाट जोह रहे हैं। किसी भी देश में यह भ्रम पैदा नहीं होना चाहिए कि भारत हाथ पर हाथ धरे बैठा है। भारत ने उचित ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को यह भी बता दिया है कि वह सभी संबंधित पक्षों के संपर्क में है और उनसे बातचीत की मेज पर लौटने का आग्रह कर रहा है। निस्संदेह, भारत को मानवता के पक्ष के साथ-साथ अपना हित देखते हुए शांति और राहत के प्रयासों में जुटे रहना चाहिए।

> **भारत जैसे कई देश हैं, जो इस मसले पर न तो रूस के साथ हैं और न यूक्रेन के। लिहाजा, गुटनिरपेक्ष आंदोलन को फिर से खड़ा करने की कोशिश हमें करनी चाहिए और अफ्रीका व एशिया के देशों को आपस में मिलाना चाहिए। युद्ध खत्म करने के प्रयासों के साथ-साथ भारत को मानवाधिकार संगठनों के साथ मिलकर युद्धग्रस्त क्षेत्रों में मानवीय मदद भी पहुंचानी चाहिए। हमें यह पहल करनी ही होगी, फिर चाहे यह बेशक स्पष्ट न हो कि हम इसमें कितना सफल रहेंगे?**

# फिर एकजुट हों निरपेश देश

शशांक, पूर्व विदेश सचिव

रूस-यूक्रेन युद्ध में बेलारूस का कथित तौर पर शामिल होना चौंकाता नहीं है। इस जंग के बड़े फलक पर लड़ने की आहट पहले से ही सुनी जा रही थी। रूस पिछले कई वर्षों से यह कहता आ रहा था कि नाटो अपने हथियार लेकर मॉस्को के करीब न आए। मगर ऐसा नहीं हुआ। नाटो का न सिर्फ विस्तार होता गया, बल्कि पूर्व के सोवियत संघ के देशों में 'कलर रिवॉल्यूशन' (लोकतंत्र के समर्थन में हुए सत्ता-विरोधी आंदोलन) सफलतापूर्वक संपन्न भी हुए। जब रूस द्वारा खींची गई 'लाल रेखा' के करीब नाटो पहुंच गया, तो राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन पर धावा बोल दिया। उनको अगली क्रांति रूस में होने का अंदेशा रहा होगा। जाहिर है, तनाव काफी पहले से था, यह जंग तो उसकी महज परिणति है।

बेशक, बेलारूस प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जंग में उतर गया है, लेकिन दबाव रूस पर कहीं अधिक है। पश्चिम और पूर्वी यूरोप के देश खुले तौर पर यूक्रेन के समर्थन में आ गए हैं। नाटो ने भी एलान किया है कि वह भले अपने सैनिकों को यूक्रेन नहीं भेज रहा, लेकिन उसे सभी सैन्य साजो-सामान जरूर मुहैया करा रहा है। यूक्रेन की सरकार ने भी तकरीबन अपने सभी नागरिकों को हथियार दे दिए हैं, और वे सभी दुश्मन फौज के खिलाफ मोर्चा संभाल चुके हैं। इससे रूस के उस दावे की कलई खुल रही है, जिसमें कहा गया था कि वह यूक्रेन के पूर्वी हिस्से में रहने वाले रूसी या रूसी मूल के नागरिकों की सुरक्षा के लिए हमला करने जा रहा है। अब उसको यह एहसास हो रहा होगा कि पश्चिमी यूक्रेन के बाशिंदे यह नहीं चाहते कि रूस उनके आसपास रहे।




ऐसे में, रूस के पास दो ही रास्ते थे। पहला, आर्थिक प्रतिबंधों को देखते हुए वह अपने साथ अन्य देशों को भी जोड़े, और दूसरा उपाय यह था कि अपनी आक्रामकता बढ़ाए। बेलारूस की आमद के साथ 'फादर ऑफ ऑल बम' के इस्तेमाल की चेतावनी और परमाणु मिसाइल ढोने में सक्षम विमानों की लातीन एवं दक्षिण अमेरिका के नजदीक तैनाती इसी की कड़ी है। वह इसका संकेत देना चाहता है कि जंग दो देशों (रूस व यूक्रेन) में नहीं, बल्कि दो महाशक्तियों (रूस और अमेरिका) के बीच लड़ी जा रही है। उसे इसकी जरूरत इसलिए थी, क्योंकि सोवियत संघ के विघटन के बाद रूस को अमेरिका महाशक्ति नहीं मान रहा था, और पश्चिम में यह सोच पनपने लगी थी कि वह मॉस्को के जितना करीब पहुंचेगा, रूस खुद में सिमटता चला जाएगा। इससे वहां भी स्वाभाविक तौर पर 'कलर रिवॉल्यूशन' आसान हो जाएगा। अमेरिका की इसी मान्यता को रूस तोड़ना चाहता है।

निस्संदेह, रूस ने यूक्रेन के साथ जो किया है, वह संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों के विपरीत है, लेकिन अमेरिका व उसके सहयोगी देश जो कर रहे थे, वह इन नीतियों के कितनी करीब है, उस पर भी बहस होनी चाहिए, जो शायद ही कभी हो सकेगी। दिक्कत यह भी है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय संघर्ष तभी होते हैं, जब हर पक्ष खुद को सही और विपक्ष को गलत मान बैठता है। इसलिए, दुनिया के तमाम देशों को इससे ऊपर उठना चाहिए।

भारत फिलहाल इस तनातनी से खुद को अलग रखने में सफल रहा है, लेकिन ऐसा कब तक बना रहेगा, यह कहना मुश्किल है। हमारे हजारों छात्र अब भी यूक्रेन में फंसे हैं और अनवरत तकलीफें झेल रहे हैं। भले ही, यह साफ नहीं हो सका है कि रूस अथवा यूक्रेन ने समय-पूर्व हमें हमले के कोई संकेत दिए थे या नहीं, लेकिन यह स्पष्ट है कि आगे की तस्वीर काफी भयावह है। बेलारूस की सीमा पर दोनों देशों में हुई वार्ता बेनतीजा रही। मगर हमें यह उम्मीद जरूर रखनी चाहिए कि हालात जल्द ही संभाल लिए जाएंगे। और, जब तक ऐसा नहीं होता, हमें अपने छात्रों की सुरक्षा को तवज्जो देनी चाहिए। उनको न सिर्फ स्थानीय प्रशासन के संपर्क में लगातार रहने का निर्देश देना चाहिए, बल्कि यूक्रेन को हरसंभव मानवीय सहायता भी भेजनी चाहिए। हम पूर्व में कई देशों की ऐसी मदद कर चुके हैं।

एक पहल यह भी हो सकती है कि इस जंग में सीधे तौर पर शामिल देशों को यह बताया जाए कि रूस पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों से परोक्ष रूप से भारत भी प्रभावित हो रहा है। उनको यह एहसास दिलाना होगा कि रूस से निकलकर कंपनियां अगर भारत का रुख करती हैं, तो बेहतर है, अन्यथा इन कंपनियों का अन्य देशों में जाना हमें फायदा नहीं पहुंचाएगा। दरअसल, रूस पर इस तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं, जिनसे यूरोप में फार्मा, कृषि उत्पाद, गैस आदि उत्पादों के आयात प्रभावित नहीं होते। ऐसा इसलिए किया गया है, क्योंकि इनका विकल्प यूरोपीय देशों के पास नहीं है। जब तक अमेरिका उनको कोई विकल्प नहीं देता, रूस से इन चीजों की आपूर्ति होती रहेगी। हमें भी कोई उपाय तलाशना चाहिए और ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए कि गैस व तेल के लिए रूस पर व खाद्य तेल के लिए यूक्रेन पर हमारी निर्भरता कम से कम हो। अमेरिका हमें भरोसा देने की कोशिश करता रहा है और कई मोर्चों पर नई दिल्ली व वाशिंगटन एक-दूसरे के करीब भी आए हैं, मगर यदि हम हर मसले पर अमेरिका का मुंह ताकने लगेंगे, तो सुरक्षा परिषद में हमारे लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

ऐसे में, कूटनीति का तकाजा यही है कि इस युद्ध में निरपेक्ष रहने वाले तमाम देशों को भारत एकजुट करे। भारत जैसे कई देश हैं, जो इस मसले पर न तो रूस के साथ हैं और न यूक्रेन के। लिहाजा, गुटनिरपेक्ष आंदोलन को फिर से खड़ा करने की कोशिश हमें करनी चाहिए और अफ्रीका व एशिया के देशों को आपस में मिलाना चाहिए। युद्ध खत्म करने के प्रयासों के साथ-साथ भारत को मानवाधिकार संगठनों के साथ मिलकर युद्धग्रस्त क्षेत्रों में मानवीय मदद भी पहुंचानी चाहिए। हमें यह पहल करनी ही होगी, फिर चाहे यह बेशक स्पष्ट न हो कि हम इसमें कितना सफल रहेंगे?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# इस धरती पर और भी है जीवन हमारे सिवा

अनिल प्रकाश जोशी, पर्यावरणविद्

'पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के लिए प्रमुख प्रजातियों की सुरक्षा करना', इस बार विश्व वन्यजीव दिवस की यह थीम बड़ी महत्वपूर्ण समझी जा रही है। इस बार की चर्चा उन प्रजातियों के संरक्षण पर केंद्रित होगी, जिनका पारिस्थितिकी संरक्षण में सबसे बड़ा योगदान है। लगातार कई दशकों में सबसे ज्यादा उपेक्षा वन्यजीवों की हुई। हमने मोटे तौर पर बाघ, शेर व हाथी के संरक्षण पर जरूर चिंता जताई होगी, क्योंकि उनका विलुप्त होना दिखाई देता है, लेकिन आज वनस्पतियों और अन्य जीवों की ऐसी प्रजातियां लुप्त हो रही हैं, जो पारिस्थितिकी तंत्र को स्थिर रखती हैं। हम यह नहीं जान पाए कि जब से मनुष्य ने पृथ्वी पर अपना आधिपत्य जमाया, तब से वह कितनी तरह की प्रजातियों को खो चुका है। मोटे रूप में करीब 8,400 वन्यजीव और वनस्पति-प्रजातियों को हम खतरे में डाल चुके हैं और यह माना जा रहा है कि करीब 30,000 प्रजातियों के अस्तित्व पर बड़े सवाल खड़े हो चुके हैं। इससे पहले यह भी माना गया है कि अगर ऐसा ही रहा, तो हम आने वाले समय में करीब 10 लाख प्रजातियों को विलुप्ति की तरफधकेल देंगे। हमने विलुप्त होती प्रजातियों की चर्चा अवश्य की है, लेकिन इन प्रजातियों में चाहे, वन्यजीव हों या वनस्पति प्रजातियां, इनकी विलुप्ति से सीधे कौन से प्रतिकूल असर होंगे, इसका शायद अगर हमारे पास आंकड़ा होता, तो हम इस ओर ज्यादा गंभीर होते।



किसी भी पारिस्थितिकी तंत्र का पूरा स्वास्थ्य शायद सीधे मानव जीवन के साथ भी जुड़ा है, क्योंकि अगर बिगड़ती हवाएं हमारे सीधे श्वसन तंत्र पर आक्रमण कर सकती हैं, तो यह कहीं न कहीं जलवायु से जुड़ा है। शुद्ध पानी की बात हो या हमारे भोजन से जुड़े जितने भी मुद्दे और सवाल हैं, वे भी पारिस्थितिकी तंत्र से सीधा रिश्ता रखते हैं।

पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को एक ऐसे ताने-बाने से पृथ्वी ने 4.6 करोड़ वर्षों की मेहनत से बुना है, जिसमें हर एक छोटे-मोटे जीवन या अजैविक तत्वों का परस्पर महीन रिश्ता है। इनकी परस्पर निर्भरता है और यही कारण है कि अगर किन्हीं कारणों से यह निर्भरता टूटती है, तो पारिस्थितिकी तंत्र में उथल-पुथल मच जाती है। अब जैव-विविधता को खोने का कारण स्वयं मनुष्य ही हैं। आईयूसीएन की रिपोर्ट के अनुसार, 121 पौधों की प्रजातियां व 735 जीव-जंतुओं की प्रजातियां 'रेड लिस्ट' में आ गई हैं। एक तिहाई प्रजातियां खतरे की श्रेणी में आ चुकी हैं, इसमें 41 फीसदी उभयचर, 25 फीसदी स्तनधारी व 13.30 फीसदी पक्षियों की प्रजातियां हैं। ये 63,838 प्रजातियों के अध्ययन के बाद के आंकड़े हैं, जो पृथ्वी में कुल उपलब्ध प्रजातियों की मात्र चार फीसदी ही हैं, मतलब 96 प्रतिशत प्रजातियों का तो अध्ययन भी नहीं हुआ है। हमारी तमाम तरह की शिक्षा में प्रकृति विज्ञान व तंत्र की समझ न के बराबर है, क्योंकि अगर यह शिक्षा का शुरुआती दौर से ही हिस्सा होता, तो शायद हम अपने पारिस्थितिकी तंत्र की समझ बढ़ाकर रखते और वही हमारी विकास की नीतियों में भी झलकता।

पिछले कुछ समय से अगर यह भी देख लें कि हमने प्रतिवर्ष किस दर से वनों को खोया है, तो कुछ गंभीरता शायद हमारी समझ में आएगी। आंकड़ा सामने है। दुनिया भर में प्रतिवर्ष हम 10.90 करोड़ हेक्टेयर वन खो देते हैं। यह भी समझिए कि अमेजन जो दुनिया का फेफड़ा कहलाता है, हर मिनट एक फुटबॉल मैदान के बराबर वन खो देता है। आज हमें यह भी जानना चाहिए कि 400 डार्क जोन समुद्र में पहले ही बन चुके हैं, इसका मतलब है कि इन क्षेत्रों में जीवन शून्य हो चुका है।

हमने दुनिया भर में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए अभयारण्य रखे हैं, लेकिन ये अभयारण्य घातों का शिकार बने हैं। यह मात्र कुप्रबंधन के सवाल खड़े नहीं करता, बल्कि ज्यादा महत्वपूर्ण सामूहिक भागीदारी की तरफ इशारा करता है, जो कि शून्य है। अपने देश में ही देखिए। हर दो दिन में एक बाघ के मरने का आंकड़ा पिछले दिनों ही आया है। अभी भी हम अपनी शिक्षा में गंभीरता से अपने उस जीवन को नहीं समझ पाए, जो किसी न किसी रूप में हमारी आर्थिकी, भोजन व हमारी अन्य जरूरतों में बड़ा योगदान करते हैं, जो मनुष्य के जीवन से सीधे जुड़े हैं। जब तक ऐसी बड़ी समझ नहीं बनेगी, तब तक हम इस तरह के दिवस दिखावे के लिए हर वर्ष मनाते रहेंगे।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## श्रीमती अंजली जैन की कलम से...





ब्यूटी पार्लर जानेस मन शांत नहीं होगा, बैठो, करो मनपसंद चीजे तब शांति से ये जीवन होगा।

-अंजली जैन
7024460938




स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239



























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया अवलोकन

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव एवं राज्य शैक्षणिक संस्थान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के डायरेक्टर राजेश सिंह राणा ने आज जे.एन. पांडे और पी.जी. उमाठे शांति नगर स्थित स्कूल में आयोजित बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया। राणा ने दोनों स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा के दौरान कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पूर्णता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए मुख्य गेट पर और परीक्षा कक्ष के भीतर सेनेटाईजर तथा थर्मल स्केनर द्वारा जांच की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। समस्त परीक्षार्थियों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क लगाए पाये गए। राणा द्वारा परीक्षा केंद्र अध्यक्ष को यह भी निर्देशित किया गया यदि किसी परीक्षार्थी को सर्दी-खांसी या बुखार के सामान्य लक्षण है तो उसके पृथक बैठने की व्यवस्था कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे भी थे। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं आज से प्रारंभ हुई। पहला पर्चा हिंदी विशिष्ट व हिंदी सामान्य का हुआ। इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं बोर्ड के लिए 4044 और 12वीं बोर्ड के लिए 6743 परीक्षा केंद्र बनाए गए। दसवीं में इस बार 3 लाख 80 हजार 27 बच्चे पंजीकृत हुए। इनमें 3 लाख 77 हजार 667 नियमित और 2 हजार 360 प्राइवेट पंजीकृत परीक्षार्थी शामिल हैं। इसी तरह 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 2 लाख 93 हजार 425 परीक्षार्थी है। इनमें से 2 लाख 89 हजार 808 नियमित और 3 हजार 617 प्राइवेट परीक्षार्थी हैं। कक्षा 10वीं परीक्षा के लिए सबसे अधिक 531 परीक्षा केंद्र जांजगीर-चांपा जिले में बनाए गए हैं।

# हम सब मिलकर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना करेंगे साकार- डॉ. महंत

### विधानसभा अध्यक्ष ने दर्री तहसील कार्यालय भवन का भूमिपूजन एवं सड़क निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज दर्री तहसील के नए बनने वाले भवन का भूमिपूजन और मेजर ध्यान चंद चौक से गोपालपुर तक बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान डॉ. महंत ने कहा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की संकल्पना को हम सब मिलकर पुरा करेंगे। नागरिकों के सहयोग और एकजुटता से नवा छत्तीसगढ़ के सपना को साकार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोरबा जिले में विभिन्न विकास और निर्माण कार्य किए जा रहे है। इन कार्यो से जिले के सभी नागरिकों को लाभ मिल रहा हैं।**



उन्होंने कहा कि नए तहसील भवन बनने से नागरिकों को प्रशासनिक दृष्टि कोण से काफी सहूलियत होगी। डॉ. महंत ने कहा कि मेजर ध्यान चंद चौक से गोपालपुर तक 10.20 किलोमीटर सड़क निर्माण हो जाने से नागरिकों को आने जाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि सरकार जनता के हित के लिए सदैव तत्पर हैं। नागरिकों की सेवा के लिए राज्य शासन द्वारा नित नए कार्य किए जा रहे हैं। डॉ. महंत ने कहा कि नगर और गांव के विकास को राज्य सरकार ने प्राथमिकता से आगे बढ़ाया है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के उद्देश्य से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। शासन की विभिन्न योजनाओं से नागरिकगण लाभांवित हो रहे है। एमआईसी सदस्य रोपा तिर्की, सुनील पटेल, मस्तुल कंवर, अरूण वर्मा, पार्षद दिनेश सोनी, शाहिद कुजूर, पवन गुप्ता, एल्डरमेन मनीराम साहू, पुरान दास महंत, आशीष अग्रवाल, एस. मूर्ति, गीता गभेल, सनंत दिवान, रूपा मिश्रा, परमानंद सिंह, श्रीमती रेखा त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर जैन, पूर्व सभापति धुरपाल सिंह कंवर, अजय जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुरेश सहगल, सत्येन्द्र वासन, कुसुम द्विवेदी, दुष्यंत शर्मा, सनीष कुमार, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रश्मि सिंह, प्रदीप पुरायणे, प्रेम कुमार अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, बैद्यनाथ, राजू गोयल, सुरेश अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी, मदन राठौर, रामू पाण्डेय, अनिल द्विवेदी, रमेश नवरंग, विरसाय धनुवार, क्रांति यादव, सुनीता केशरवानी, रामायण दास महंत, विवेक श्रीवास, कमलेश गर्ग, अरूण वर्मा, राजेश यादव, राकेश पंकज, विनोद अग्रवाल, आर के पटेल, बी सी नामदेव, ममता अग्रवाल, डॉ एल पी साहू, सुरेन्द्र यादव, नवीन सिंह, सुरेश राठौर, कृपाराम साहू, इंदिरा नवरंग, अशोक मित्तल सहित भारी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए।

जिले में लगातार हो रहे विकास कार्य-राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल- कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कोरबा जिले के नागरिकों को लगातार विकास कार्यो की सौगात मिल रही है। राज्य शासन द्वारा पिछले तीन वर्षो में पूरे प्रदेश में 73 तहसीलों का गठन किया गया है। कोरबा जिले में भी नए तहसील दर्री, हरदीबाजार, बरपाली, अजगरबहार तहसीलों का गठन किया गया हैं। इससे आम नागरिको को राजस्व संबंधित प्रशासनिक कार्यो में काफी सहूलियत हो रही है। राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि कोरबा जिले में सड़क, ब्रीज, पुल-पुलियो निर्माण सहित सभी प्रकार के विकास कार्य लगातार किए जा रहे हैं। नागरिकों को सुलभ आवागमन के साधन प्रदान करने के लिए सीएसईबी चौक से रूमगड़ा चौक तक सड़क का निर्माण किया जा चुका हैं। जिससे लोगों को आने जाने के लिए खराब सड़को से राहत मिल रही है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए मेजर ध्यान चंद चौक से गोपालपुर तक सड़क निर्माण किया जाएगा। सड़क बन जाने से लोगों को बेहतर आवागमन के साधन मिलेंगे।

उल्लेखनीय है कि दर्री बाजार के सामने नए तहसील भवन का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया नए तहसील भवन का निर्माण 71 लाख 12 हजार रूपए की लागत से लगभग पांच हजार वर्ग फीट क्षेत्र में किया जाएगा। वर्तमान में दर्री तहसील के अंतर्गत कुल 48 गांव शामिल हैं।

इसमें 30 नगरीय और 18 ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। दर्री तहसील के अंतर्गत 68 हजार 078 नागरिकगण राजस्व संबंधी सुविधाओं का लाभ ले रहे है। इसी प्रकार मेजर ध्यान चंद चौक से गोपालपुर तक 10.20 किलोमीटर सड़क का संधारण, उन्नयन कार्य, नाली निर्माण एवं जंक्शन सुधार कार्य किया जाएगा। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 149-बी के अंतर्गत आता है।

# मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया ने ग्राम सुवरबोड़ और भैंसबोड़ में विभिन्न कार्यो का किया लोकार्पण- भूमिपूजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद। प्रदेश की महिला एंव बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंडिया आज डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुवरबोड़ और ग्राम भैंसबोड़ में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन किया और ग्रामीणों को अपनी शुभकामनाएँ दी। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्राम सुवरबोड़ में शासकीय प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।**

उन्होंने ग्राम सुवरबोड़ में ही उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का उन्नयन एवं ब्रांडिंग कार्य तथा पाईप लाईन विस्तार कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने ग्रामीणों की मॉग पर ग्राम सुवरबोड़ में मंगल भवन निर्माण की घोषणा की।

मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्राम भैंसबोड़ में शहीद गैंदसिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने ग्रामीणों की मॉग पर ग्राम भैंसबोड़ में सी.सी.रोड निर्माण की घोषणा की। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी और उसका लाभ उठाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वन क्षेत्र के निवासियों के हित को ध्यान में रखते हुए 61 लघु वनोपजों की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा रही है, उसका लाभ उठाएँ। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे धान के अतिरिक्त दलहन-तिलहन फसल लें। भांठा, टिकरा जमीन पर कोदो, कुटकी, रागी आदि फसल लेकर अपनी आमदनी में बढ़ोत्तरी करें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना शुरू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। मंत्री श्रीमती भेंडिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों की बेहतरी के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक अनिल लोढ़ा, हस्तीमल सांखला, गुलाबचंद जैन, पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार आदि मौजूद थे।

# गौठान मेला का उद्देश्य जनसामान्य को गौठान तथा वहां संचालित आर्थिक गतिविधियों से अवगत कराना : कलेक्टर

- वृंदावन गौठान रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में गौठान मेला का हुआ आयोजन
- गौठान मेला में नागरिकों ने गौठान में संचालित हो रहे आर्थिक गतिविधियों को करीब से जाना
- वृंदावन गौठान रूरल इंडस्ट्रियल पार्क स्वसहायता समूह की महिलाओं के लिए बना आर्थिक स्वावलंबन का केन्द्र



श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जिले के राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा स्थित वृंदावन गौठान को प्रदेश में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में पहचाना जा रहा है। लगभग 40 एकड़ क्षेत्र में फैले गौठान में स्वसहायता समूह की महिलाएं औद्योगिक कार्य में संलग्न हो कर उद्योगों की ओर रूख कर रही है।

जिला प्रशासन द्वारा गौठान से लोगों को जोडने् के लिए जिले के सभी गौठानों में गौठान मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज अंजोरा स्थित वृंदावन आदर्श गौठान में गौठान मेला का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ग्राम अंजोरा स्थित वृंदावन गौठान रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के गौठान मेला में शामिल हुए। इस दौरान छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र मुदलियार उपस्थित थे। उन्होंने गौठान मेला में लगाए हुए स्टॉलों का अवलोकन किया। साथ ही गौठान में स्वसहायता समूह द्वारा संचालित वृंदावन रसोई में चाय पी और छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्वाद चखा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि गौठान में लोगों को जोडने् के लिए गौठान मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वृंदावन गौठान रूरल इंडस्ट्रियल पार्क है। यहां लगभग 100 महिलाओं को गुलाल सहित अन्य सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। अब ये महिलाएं उत्पाद तैयार कर रही है। इसके लिए श्री गणेशा गुलाल इंडस्ट्री से ओएमयू भी हुआ है। उन्होंने कहा कि रूरल इंडस्ट्रियल पार्क से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और रोजगार के अवसर विकसित करना है। साथ ही गौठान महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन का भी केन्द्र है। उन्होंने कहा कि गौठान में मवेशियों का ध्यान रखा जा रहा है। इसके साथ-साथ महिला स्वसहायता समूह के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम है। गौठान मेला का उद्देश्य जनसामान्य गौठान से जुड़े और यहां आकर विभिन्न गतिविधियों से अवगत हो। जिससे अन्य क्षेत्र की महिलाएं यहां की महिलाओं के कार्य को देखकर प्रेरित हो।

### वृंदावन गौठान रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में गौठान मेला का आयोजन

गौठान मेला में राजनांदगांव विकासखंड के सभी स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने उत्पादों का स्टॉल लगाया गया था। मेला घुमने शहर तथा अन्य विकासखंड के नागरिक यहां पहुंचे। गौठान मेला में ग्रामीण मंडई की तर्ज पर झूला और विभिन्न सामाग्री के विक्रय के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे। समूह की महिलाओं द्वारा लोकगीत, लोकनृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के स्टॉल में नागरिकों ने विशेष रूचि दिखाई। इसके साथ ही कृषि विभाग, मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशु पालन विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई थी।

# गोधन न्याय योजना से ग्रामीण महिलाओं को मिली स्वावलंबन की राह

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** ग्रामीण महिलाएं अब घरेलू कार्य के साथ-साथ आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी से अपनी सहभागिता बढ़ा रहीं हैं। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में संचालित आय मूलक गतिविधियों में ग्रामीण महिलाएं आर्थिक सहयोगी की भूमिका निभा रही हैं। इस तरह अब वे अपने परिवार की जिम्मेदारी, उनका भरण पोषण और अपने जीवन स्तर में सुधार लाने में सक्षम हो रही हैं।

विकासखंड खरसिया की ग्राम पंचायत लोढ़ाझर इस सफलता का साक्षी बन रहा है, यहां बिहान के अंतर्गत 2018 में गठित कान्हा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने भविष्य को देखते हुए पहले स्वयं एवं समूह के सदस्यों के आर्थिक सहयोग के लिए एक निश्चित राशि समूह के खाते में डालना प्रारंभ किया, ताकि बचत राशि का उपयोग कर समूह की आय में वृद्धि और रोजगार गतिविधियां की जा सके। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल से छत्तीसगढ़ में सुराजी गांव योजना और गोधन न्याय योजना की शुरुआत हुई, जिसमें ग्राम पंचायत लोढ़ाझर में गौठान का निर्माण कार्य का प्रारंभ हुआ, यहां कान्हा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा कार्य करना शुरू किया गया।

गौठान निर्माण में महिला स्वसहायता समूह को सीपीटी, वृक्षारोपण, खुदाई आदि कार्य मिला। समूह द्वारा किए गए कार्यों की कुशलता से प्रभावित होकर, उन्हें गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जिम्मेदारी दी गई, इसके लिए उनकी ट्रेनिंग भी की गई, तब से अब तक कान्हा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, केंचुआ उत्पादन एवं सब्जी उत्पादन का कार्य लगातार किया जा रहा है। महिलाओं को इससे आर्थिक लाभ मिल रहा है और वे अपने परिवार के भरण-पोषण में भी इस राशि का उपयोग कर रही हैं। कान्हा स्व-सहायता समूह वर्मी खाद, केंचुआ तथा सब्जी उत्पाद एवं बिक्री के जरिए अब तक 2 लाख 84 हजार 825 रूपए का लाभ कमा चुका है।





















## खास खबर



### स्वास्थ्य विभाग ने रायपुर में लगाया सियान जतन क्लीनिक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं और कार्यक्रम संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य का लाभ देने अभिनव पहल हो रहे हैं। इसी कड़ी में 2 मार्च को स्वास्थ्य विभाग द्वारा से रायपुर जिले के छह शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में 'सियान जतन क्लीनिक' का आयोजन किया गया। इनमें तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित सियान जतन क्लीनिक में 60 वर्ष से अधिक आयु के 911 वृद्धजनों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में जहां विभिन्न रोगों से संबंधित स्वास्थ्य जांच की गई, वहीं आवश्यकतानुसार दवाइयां एवं उपकरण भी प्रदान किए गए।

सियान जतन क्लीनिक के तहत चार स्वास्थ्य केन्द्र जिसमें शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुढ़ियारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भांठागांव, भनपुरी व राजातालाब में सामान्य ओपीडी के अलावा नेत्र रोग, अस्थि रोग, मेडिसिन, नाक-कान-गला रोग (ईएनटी), आयुष ओपीडी एवं दंत रोग परीक्षण समेत लैब टेस्ट की व्यवस्था की गई थीं। वहीं दो ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धरसींवा एवं अभनपुर में सामान्य ओपीडी की व्यवस्था थी। विशेष शिविर में कुल 911 वृद्धजन ओपीडी में पहुंचे, जिनमें 154 नेत्र रोग परीक्षण के लिए पहुंचे थे, जिनमें से 45 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित मिले। शिविर में 155 अस्थि रोग, 236 मेडिसिन, 104 नाक-कान-गला रोग, 72 आयुष ओपीडी एवं 67 दंत रोग की शिकायत के साथ स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे। इस दौरान 452 मरीजों का लैब टेस्ट किया गया, जिनमें से 36 मरीजों का सैम्पल उच्चस्तरीय परीक्षण के लिए जिला चिकित्सालय रायपुर में स्थापित हमर लैब भेजा गया। वहीं 36 जरूरतमंद मरीजों को वॉकिंग स्टीक व 7 मरीजों को कान की मशीन का भी वितरण किया गया। शिविर में आए 90 वृद्धजनों का कोविड वैक्सीनेशन भी किया गया।

### कस्टम मिलिंग के लिए तेजी से उठ रहा धान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव जारी है। राज्य में 2 मार्च तक 86.95 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 24.99 लाख मीटरिक टन चावल जमा करा चुका है। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 13.70 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 11.29 लाख मीटरिक टन चावल शामिल है।

खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 86.95 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। वर्मा ने बताया कि 70 लाख 90 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 64 लाख 95 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 15 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टी.ओ. जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा करने का लक्ष्य है।

# मंत्री डॉ. डहरिया ने लखौली में गौठान के पास पशु औषधालय का शुभारंभ किया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के ग्राम लखौली में गौठान के पास पशु औषधालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अब यहां पशुओं का तत्काल इलाज हो सकेगा। जिससे आस-पास के पशुपालकों को सुविधा होगी। डॉ. डहरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना और नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी योजना का अनुसरण देश के विभिन्न राज्यों में किया जा रहा है। आज छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा देश भर में चल रही है। छत्तीसगढ़ मॉडल किसानों और ग्रामीणों की आमदनी बढ़ाने का एक अनूठा कार्यक्रम है। जिससे गांव का सशक्तीकरण हो सकता है। ग्राम लखौली में नेशनल लाइव स्टाक मिशन के तहत पशु मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, जहां पर पशुपालकों को पशुपालन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है। साथ ही छत्तीसगढ़ शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी जा रही है। इस अवसर पर पंचायतों के जन प्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

### नगरीय प्रशासन मंत्री ने बाबा बागेश्वर नाथ की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आरंग विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। उन्होंने आरंग स्थित बाबा बागेश्वर नाथ मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिये आशीर्वाद मांगा। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने पूज्य संत श्री श्री 1008 दादा धनीराम भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर उन्होंने ब्लाक ऑफिस के समीप नवनिर्मित बाबूजी केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ भी किया। डॉ. डहरिया ने कहा कि नगर में इस हॉस्पिटल के खुल जाने से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर चंद्रशेखर चंद्रकार खिलेश्वर देवांगन, कोमल सिंह साहू, भारती देवांगन, दीक्षा सूरज सोनकर, दीपक चन्द्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# तीन वर्षों में 95 हजार 643 सिंचाई पम्पों को दिए गए बिजली कनेक्शन



60 हजार 197 सिंचाई पंपों को स्थाई तथा 35 हजार 446 पंपों को दिए गए अस्थाई बिजली कनेक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार प्रदेश में किसानों के सिंचाई पम्पों को बिजली कनेक्शन देने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में 95 हजार 643 सिंचाई पम्पों को बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। इनमें से 60 हजार 197 स्थाई कनेक्शन तथा 35 हजार 446 अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए गए हैं।

राज्य सरकार द्वारा कृषि पंप ऊर्जीकरण योजना के अंतर्गत विद्युत लाईन के विस्तार के लिए प्रति पंप एक लाख रूपए का अनुदान दिया जा रहा है। पूर्व में दिए गए बिजली कनेक्शनों को मिलाकर वर्तमान में लगभग 5 लाख 81 हजार से अधिक कृषि पंपों को स्थाई एवं अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले वर्ष 1 जनवरी की स्थिति में बिजली कनेक्शन के लिए लंबित 35 हजार 161 कृषि पंपों को बिजली कनेक्शन देने के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 30 नवम्बर 2021 तक इनमें से 23 हजार 985 पंपों को कनेक्शन दे दिए गए हैं। शेष पंपों को चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक बिजली कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

राज्य शासन द्वारा किसानों को उनके बिजली बिलों में राहत देने के लिए कृषक जीवन ज्योति योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत 3 हार्स पावर तक के सिंचाई पंपों को बिजली बिल में 6000 यूनिट प्रति वर्ष तथा 3 से 5 हार्स पावर तक के कृषि पंपों के बिजली बिल में 7500 यूनिट प्रतिवर्ष छूट दी जा रही है। इसके अलावा किसानों को फ्लेट रेट पर बिजली प्राप्त करने का विकल्प भी दिया गया है।

राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसान के लिए विद्युत खपत की कोई सीमा नहीं रखी गई है। इन वर्गों के किसानों द्वारा खेती में उपयोग की जा रही पूरी बिजली निःशुल्क रखी गई है। वर्तमान में कृषक जीवन ज्योति योजना से प्रदेश के 5 लाख 81 हजार किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

### पांच सिंचाई परियोजनाओं के लिए 47 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने पांच सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 47 करोड़ 50 लाख 71 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। योजनाओं के पूरा होने से तीन हजार तीन सौ बहत्तर हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। कोरबा जिले के विकासखण्ड-पोड़ी-उपरोड़ा के अंतर्गत नगोई(कटोरी) व्यपवर्तन कार्य के लिए तीन करोड़ 95 लाख 51 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 145 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

# स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग के विशेष सचिव एवं राज्य शैक्षणिक संस्थान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के डायरेक्टर राजेश सिंह राणा ने जेएन पांडे और पीजी उमाठे शांति नगर स्थित स्कूल में आयोजित बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया।

श्री राणा ने दोनों स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर परीक्षा के दौरान कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पूर्णता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षार्थियों के लिए मुख्य गेट पर और परीक्षा कक्ष के भीतर सेनेटाईजर तथा थर्मल स्केनर द्वारा जांच की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। समस्त परीक्षार्थियों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क लगाए पाये गए। श्री राणा द्वारा परीक्षा केंद्र अध्यक्ष को यह भी निर्देशित किया गया यदि किसी परीक्षार्थी को सर्दी-खांसी या बुखार के सामान्य लक्षण है तो उसके पृथक बैठने की व्यवस्था कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे भी थे।

ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की परीक्षाएं आज से प्रारंभ हुई। पहला पर्चा हिंदी विशिष्ट व हिंदी सामान्य का हुआ। इस वर्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं बोर्ड के लिए 4044 और 12वीं बोर्ड के लिए 6743 परीक्षा केंद्र बनाए गए। दसवीं में इस बार 3 लाख 80 हजार 27 बच्चे पंजीकृत हुए। इनमें 3 लाख 77 हजार 667 नियमित और 2 हजार 360 प्राइवेट पंजीकृत परीक्षार्थी शामिल हैं। इसी तरह 12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 2 लाख 93 हजार 425 परीक्षार्थी है। इनमें से 2 लाख 89 हजार 808 नियमित और 3 हजार 617 प्राइवेट परीक्षार्थी हैं। कक्षा 10वीं परीक्षा के लिए सबसे अधिक 531 परीक्षा केंद्र जांजगीर-चांपा जिले में बनाए गए हैं। रायपुर में 512 और सबसे कम 41 परीक्षा केंद्र नारायणपुर जिले में बनाए गए हैं। इसी तरह 12वीं परीक्षा में सबसे अधिक 358 परीक्षा केंद्र जांजगीर चांपा में बनाए गए हैं। रायपुर में 345 और सबसे कम सुकमा में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह कल माना कैम्प रायपुर में

**रायपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा रायपुर के माना कैम्प स्थित संचालनालय परिसर में आगामी 04 मार्च को सुबह 11 बजे राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सर्वोत्तम नियोक्ता, स्वैच्छिक संस्थाओं सहित सर्वोत्तम दिव्यांग कर्मचारियों को शील्ड, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र देकर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण और विभागीय योजनाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। इस वर्ष निःशक्तजन के कल्याण हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वोत्तम जिले की श्रेणी में जांजगीर-चांपा जिले का चयन किया गया है।

# नवा रायपुर के किसानों के हित में 6 बिन्दुओं पर अमल का आदेश जारी

### 7 मार्च से प्रभावित पात्र किसानों को मिलेगा पट्टा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवा रायपुर राजधानी परियोजना के तहत प्रभावित किसानों की मांग और मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा की गई सिफारिशों को मान्य करते हुए 6 प्रमुख बिन्दुओं के क्रियान्वयन के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से आवासीय पट्टा वितरण, पात्रता अनुसार 1200 से 2500 वर्गफीट आवासीय भूमि का आबंटन, शासकीय भूमि पर कब्जा जहां पर है वहीं दिया जाना जिसके लिए विलेज डेव्हलपमेंट प्लान के क्रियान्यन के शर्त को शिथिल करना शामिल है। यह आदेश एनआरएएनव्हीपी के संचालक मंडल की 69वीं बैठक जो 25 फरवरी को आयोजित हुई थी। उसमें प्रदाय की गई सहमति के आधार पर जारी किया गया है।

बैठक में संचालक मंडल द्वारा किसानों के पक्ष में ऑडिट आपत्तियों के निराकरण के लिए सिंचित एवं असिंचित भूमि के संबंध में पटवारी दस्तावेज एवं वृक्षों के संबंध में वनपाल की रिपोर्ट को प्रमाण मानकर आपत्तियों का निराकरण किए जाने का निर्णय लिया गया है। संचालक मंडल द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न सेवाओं के लिए एनआरएएनव्हीपी द्वारा की जाने वाली आगामी निविदाओं में 60 प्रतिशत कर्मचारी प्रभावित ग्राम से हो, यह शर्त जोड़ने की सहमति दी गई। संचालक मंडल द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि नवा रायपुर अटल नगर के विभिन्न सेक्टर्स में निर्मित 75 प्रतिशत दुकान, गुमटी, चबूतरा एवं हॉल का आबंटन लागत मूल्य पर आवेदन आमंत्रित कर लाटरी के माध्यम से


छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय अधीक्षण अभियंता
शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 93748/निविदा सूचना क्र. 46/वलेलि/2021-22 दुर्ग, दिनांक 28.02.2022

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 21.03.2022, 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम- दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन की भनसुली नाला पर ग्राम तेलीगुण्डरा में स्टापडेम निर्माण कार्य.

अनुमानित लागत- रू. 102.42 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 07.03.2022 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं.

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है.

कार्यपालन अभियंता
तांदुला जल संसाधन संभाग, दुर्ग (छ.ग.)
जी- 68266/7 कृते- अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)



कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग बालोद

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-916/NIT-21/2021-2022/ व ले लि दिनांक : 01/03/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि :-10/03/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :-14/03/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :-15/03/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख मे) अमानत राशि(रू. मे) बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| T0161 | 2021-22 लो नि वि अनुविभाग क्रमांक 01 बालोद के अंतर्गत हितेकसा कोडेकसा माटरी मार्ग के कि मी 11 से 19/8 एवं टटेंगा भरदा जेवरतला मोहंदीपाट मार्ग के कि मी 1 से 4/4 में बी टी पेच रिपेयर का कार्य प्रथम आमंत्रण | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
टीप :
1) 'द' से 'अ' श्रेणी पंजीयन की छायाप्रति।
2) पेन कार्ड की छायाप्रति।
3) आधार कार्ड की छायाप्रति।
4) जी.एस.टी. प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
5) स्वयं का हॉट मिक्स प्लांट 60 कि.मी. के अंदर एवं स्वामित्व प्रमाण पत्र की प्रति।
6) कार्य की अवधि 02 माह एवं निविदा प्रपत्र की कीमत राशि रू. 750.00 होगी ।

जी- 68301/4
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बालोद



नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान























## खास खबर



### रणवीर सिंह की 'जयेशभाई जोरदार' 13 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी

रणवीर सिंह मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जयेशभाई जोरदार' 13 मई 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका अनाउंसमेंट रणवीर ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर दिया है। उन्होंने लिखा, नाम है जयेशभाई और काम है जोरदार। इस फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा, शालिनी पांडे लीड रोल में नजर आएंगी। 'जयेशभाई जोरदार' को दिव्यांग ठक्कर ने लिखा और डायरेक्ट किया है।

### ऐश्वर्या राय बच्चन स्टारर 'पोन्नियन सेल्वन' 30 सितंबर को होगी रिलीज

ऐश्वर्या राय बच्चन स्टारर पोन्नियन सेल्वन 30 सितंबर 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसी के साथ मेकर्स ने इस फिल्म का फर्स्ट लुक भी आउट किया है। मेकर्स ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट से पोस्ट शेयर कर दी है। उन्होंने कहा, हमारे प्रोड्यूसर अलीराज सुबासकरण को जन्म दिन की शुभकामनाएं। गोल्डन एरा 30 सितंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक देगा। इस फिल्म को मणि रत्नम डायरेक्ट कर रहे हैं।

### पायल रोहतगी ने 'लॉक-अप' के मेकर्स पर निकाला गुस्सा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट के रियलिटी शो 'लॉक-अप' के मेकर्स ने हाल ही में शो का एक नया प्रोमो शेयर किया है, जिसमें पायल रोहतगी मेकर्स पर सवाल खड़े करती नजर आ रही हैं। दरअसल, पायल सुबह तीन घंटे के लिए जेल के कौरिडोर में लॉक हो जाती हैं। ऐसे में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ा हैं। वीडियो में पायल शो के मेकर्स से पूछती हैं कि आप किसी को भी इस तरह तीन घंटे के लिए लॉक नहीं कर सकते हैं।

### रुबीना दिलाइक की पहली फिल्म 'अर्ध' का पोस्टर हुआ आउट

बिग बॉस फेम रुबीना दिलाइक ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी पहली फिल्म 'अर्ध' का पहला पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में रुबीना एकदम सिंपल लुक में नजर आ रही हैं। पोस्टर में उन्होंने मैरून कलर की साड़ी और ब्लाउज पहना हुआ है। पोस्टर को शेयर करते हुए रुबीना ने कैप्शन में लिखा, हेलो मेरे खूबसूरत लोगों, महाशिवरात्रि से बेहतर कौन सा दिन होगा आप लोगों के सामने मेरी पहली फिल्म 'अर्ध' का पोस्टर शेयर करने के लिए। बता दें इस फिल्म में रुबीना मधु का किरदार निभाते हुए नजर आएंगी।

### अंकिता लोखंडे ने की पति विक्की के साथ मराठी रीति रिवाज में की शादी


रियलिटी शो 'स्मार्ट जोड़ी' का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें अंकिता लोखंडे अपने पति विक्की जैन से एक बार फिर शादी करती नजर आ रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि अंकिता की मां चाहती हैं कि वो विक्की के साथ मराठी रीति रिवाजों के हिसाब से शादी करें। अंकिता की मां कहती हैं, शादी बहुत लैविश हुई। लेकिन एक चीज रह गई। एक मराठी स्टाइल में शादी हो जाए।

### करण जौहर ने संजय कपूर की बेटी शनाया को किया लॉन्च

करण जौहर ने अब तक कई स्टार किड्स को लॉन्च किया है और अब फिल्ममेकर शनाया कपूर को भी लॉन्च कर रहे हैं. शनाया के साथ मिलकर करण फिल्म बेधड़क लेकर आ रहे हैं. तो इस फिल्म से शनाया बॉलीवुड डेब्यू कर रही हैं. फिल्म से जो शनाया का लुक सामने आया है उसमें वह काफी बोल्ड और ग्लैमरस लग रही हैं. फिल्म में शनाया का नाम निमरित होगा. इस पोस्टर को शेयर करते हुए करण ने लिखा, खूबसूरत शनाया कपूर बतौर निमरित फिल्म बेधड़क में. मैं स्क्रीन पर उनकी एनर्जी देखने के लिए एक्साइटेड हूं. इसके साथ ही करण ने फिल्म के बाकी 2 एक्टर्स का भी पोस्टर शेयर किया है जिसमें लक्ष्य और गुरफतेह नजर आ रहे हैं. लक्ष्य फिल्म में करण का किरदार निभा रहे हैं और गुरफतेह, अंगद का. शनाया ने खुद अपना पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, बहुत ही खुशी के साथ मैं बता रही हूं कि मैंने धर्मा परिवार को ज्वाइन किया है फिल्म बेधड़क के साथ. इस फिल्म को शशांक खैतान डायरेक्ट कर रहे हैं. इस जर्नी को शुरू करते हुए बहुत खुश हूं. आपके प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है. बता दें कि शनाया, संजय कपूर की बेटी हैं. शनाया काफी समय से बॉलीवुड में काम करना चाहती थीं और इसके लिए उन्होंने खूब मेहनत की है और साथ ही ट्रेनिंग ली है. इससे पहले शनाया ने बहन जाह्नवी कपूर की फिल्म गुंजन सक्सेना में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था. अब तक कैमरे के पीछे काम करने वाली शनाया अब कैमरे के सामने होंगी और बड़े पर्दे पर दिखेंगी.

# एक साथ रिलीज होगी शाहरुख की 'पठान' और ऋतिक रोशन की फिल्म 'फाइटर', इन फिल्मों का भी होगा बॉक्स ऑफिस क्लैश

कोरोना महामारी के केस में कमी आते ही अब फिल्ममेकर्स महीनों से रुकी हुई फिल्मों की रिलीज डेट अनाउंस कर रहे हैं। कई फिल्मों को 2022 के बजाए अब 2023 में रिलीज किया जा रहा है, लेकिन साल की शुरुआत में रिलीज करने की होड़ में कई फिल्मों को आस-पास ही रिलीज करना पड़ रहा है। अब स्थिति ये बन गई है कि कई बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सामने-सामने आ गई हैं। आइए जानते हैं वो फिल्में कौन सी हैं-



### फाइटर- पठान

शाहरुख खान की मोस्ट अवेटेड कमबैक फिल्म पठान की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। इस फिल्म को गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी 2023 को रिलीज किया जाएगा। इसके ठीक एक दिन बाद 26 जनवरी को ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर रिलीज होने वाली है। दोनों ही फिल्मों को सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशित किया है जिसमें दीपिका पादुकोण फीमेल लीड रोल प्ले कर रही हैं। इस बड़े क्लैश से बचने के लिए किसी एक फिल्म के मेकर रिलीज डेट आगे बढ़ा सकते हैं।

### फाइटर- तेहरान

ऋतिक रोशन की फाइटर के अलावा गणतंत्र दिवस के मौके पर 26 जनवरी को जॉन अब्राहम की तेहरान भी रिलीज हो रही है। दोनों ही एक्शन पैक्ड फिल्में हैं। वहीं दूसरी तरफ एक दिन पहले रिलीज हुई पठान से भी इस फिल्म के कलेक्शन पर असर पड़ने के आसार हैं। पठान फिल्म में भी जॉन अब्राहम अहम रोल निभा रहे हैं, जबकि तेहरान में उनका लीड रोल है। अगर फिल्मों की रिलीज डेट नहीं बदली गई तो बॉक्स ऑफिस में जॉन की दोनों फिल्मों का आपस में क्लैश होगा।

### खो गए हम कहां- छोरी 2

सिद्धार्थ चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव स्टारर फिल्म खो गए हम कहां 31 मार्च को रिलीज हो रही है। इसी दिन नुसरत भरुचा की फिल्म छोरी 2 को भी रिलीज किया जा रहा है। फिलहाल इनकी रिलीज को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन अब तक की जानकारी के अनुसार ये एक साथ रिलीज होंगी।

# बाइपास सर्जरी के बाद पहली बार नजर आए सुनील ग्रोवर



कॉमेडियन एक्टर सुनील ग्रोवर के फैंस पिछले साल तब परेशान हो गए थे जब खबर आई कि सुनील ग्रोवर अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी बाइपास सर्जरी हुई है. सर्जरी के कुछ दिन बाद सुनील अस्पताल से डिस्चार्ज हो गए थे. अब सुनील को गुरुवार को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है. सर्जरी के बाद वह पहली बार नजर आए हैं और इस दौरान उन्होंने मीडिया फोटोग्राफर्स से बात की. जब फोटोग्राफर्स ने पूछा कि अब आप कैसे हैं तो उन्होंने कहा मैं ठीक हूं.

बता दें कि सुनील पहले कॉमेडी से सबका दिल जीत लेते थे, लेकिन अब वह अपनी एक्टिंग से भी दर्शकों का दिल जीत रहे हैं.

सुनील लास्ट वेब सीरीज सनफ्लावर में नजर आए थे. वहीं अब सुनील डायरेक्टर एटली की फिल्म में नजर आने वाले हैं.

# कंगना रणौत की जेल के जेलर बनेंगे करण कुंद्रा

टेलीविजन के मशहूर अभिनेता करण कुंद्रा एक बार फिर अपने फैंस का मनोरंजन करने को तैयार हैं। बीत दिनों बिग बॉस 15 के बतौर प्रतियोगी नजर आए एक्टर करण कुंद्रा अब जल्द ही एक और रियलिटी शो में नजर आने वाले हैं। अभिनेता अब जल्द ही एकता कपूर और कंगना रणौत के चर्चित रियलिटी शो लॉकअप में नजर आने वाले हैं। इस बारे में ऑल्ट बालाजी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर कर जानकारी दी है।

शेयर किए गए इस वीडियो में करण कुंद्रा काफी धाकड़ अंदाज में बात करते मजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत में अभिनेता कहते हैं कि, शराफत किस चिड़िया का नाम है, लगता है ये सब भूल गए हैं, याद दिलाने का वक्त आ गया है। इसके बाद कैमरे के सामने आते ही करण आगे कहते हैं, आ रहा हूं मैं क्वीन के एस बैड एस जेल में इन सबको लाइन पर लाने। असली अत्याचारी खेल तो अब शूरु होगा। एकता कपूर द्वारा निर्मित इस शो को बॉलीवुड की पंग गर्ल कंगना रणौत होस्ट कर रही हैं। लॉक अप को डिजिटल प्लेटफॉर्म एमएक्स प्लेयर और ऑल्ट बालाजी पर लाइव-स्ट्रीम किया जा रहा है। शो में इस समय 14 प्रतियोगी नजर आ रहे हैं। इन कंटेस्टेंट्स में निशा रावल, मुनव्वर फारूकी, पूनम पांडे, करणवीर बोहरा, चक्रपाणि, सिद्धार्थ शर्मा, अंजलि अरोड़ा, बबीता फोगट, शिवम शर्मा, सारा खान, पायल रोहतगी, तहसीन पूनावाला और सायशा शिंदे शामिल हैं। हाल ही में शो के स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स ने दावा किया कि रविवार 27 फरवरी को रिलीज होने के 48 घंटों के भीतर शो को 15 मिलियन तक के व्यूज मिले थे।

# रूस-यूक्रेन वॉरः सोनू सूद ने यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों की मदद की, बोले- यह मेरा सबसे मुश्किल असाइनमेंट

रूस यूक्रेन के बीच जंग जारी है। यूक्रेन में इस वक्त भी हजारों भारतीय छात्र फंसे हुए हैं। इस हालात में एक्टर सोनू सूद एक बार फिर मसीहा बनकर वहां छात्रों की मदद की है। यूक्रेन से लौटे कई छात्रों ने बताया कि कैसे युद्ध के हालात के बीच सोनू और उनकी टीम में छात्रों की मदद की।



### सोनू सर ने हमारी मदद की

हर्षा नाम की छात्रा ने बताया, हम यहां कीव में फंसे हुए हैं। सोनू सूद सर और उनकी टीम ने हमें यहां से निकलने में मदद की है। हम लोग ल्वीव के लिए निकल गए हैं जो कि एक सेफ जगह है। वहां से हम भारत के लिए आराम से पहुंच जाएंगे।

### यह मेरा सबसे मुश्किल असाइनमेंटः सोनू

सोनू सूद ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'यूक्रेन में हमारे स्टूडेंट्स के लिए काफी मुश्किल समय और शायद अब तक का मेरा सबसे मुश्किल असाइनमेंट। सौभाग्य से हम कई स्टूडेंट्स को बॉर्डर पार करके सुरक्षित क्षेत्र में जाने में मदद करने में सफल रहे। आइए कोशिश करते रहें, उन्हें हमारी जरूरत है।' सोनू सूद पोस्ट में भारत सरकार, विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास को भी धन्यवाद भी किया है।

### नई उम्मीद देने के लिए धन्यवाद

वहीं चारू ने बताया कि मैं कीव से निकल रही हूं। सोनू सर ने सही समय पर हेल्प की, कुछ समय बाद हम ल्वीव पहुंच जाएंगे। वहां से हम आज रात पोलैंड बॉर्डर क्रॉस करेंगे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद आपने और आपकी टीम ने हमें एक नई उम्मीद दी है।

# रोहित शेट्टी बतौर मेकर वेब सीरीज की दुनिया में रख रहे कदम अमेजन के लिए बना रहे एक्शन थ्रिलर 'द घोस्ट हू बॉम्ब्स'

कोरोना काल में इंडस्ट्री के बड़े मेकर और एक्टर ने ओटीटी का रुख किया है। इस हफ्ते अजय देवगन की वेब सीरीज 'रूद्रा' रिलीज हो रही है। अक्षय आगे अमेजन प्राइम के लिए 'द एंड' की शूटिंग करने वाले हैं। संजय लीला भंसाली नेटफ्लिक्स के लिए 'हीरामंडी' बनाएंगे। उस बाबत वो फिल्मसिटी में विशाल सेट बीते तीन महीनों से बनवा रहें हैं। शाहिद कपूर भी राज एंड डीके के बैनर से 'फेक' वेब सीरीज पिछले साल शूट कर रहे थे। उसमें वो नकली नोट छापने वाले युवक के रोल में हैं।

### ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं रोहित शेट्टी

इंडस्ट्री से बड़े नामों में से बतौर मेकर रोहित शेट्टी भी अपना ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। वो अपने बैनर से सुशवंत प्रकाश के डायरेक्शन में एक एक्शन थ्रिलर जॉनर की सीरीज अमेजन प्राइम के लिए बनाने जा रहें हैं। इसी साल जनवरी में वे डिस्कवरी प्लस के ओटीटी प्रोजेक्ट 'मिशन फ्रंटलाइन' में एक्ट करते नजर आए थे। वो उसमें स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के सोल्जर के तौर पर दिखे थे। उनसे पहले सारा अली खान भी उसमें उस भूमिका में पिछले साल नजर आई थीं।

### सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा होंगे लीड एक्टर

ट्रेड सूत्रों ने रोहित शेट्टी के नए वेब प्रोजेक्ट के बारे में खास जानकारियां शेयर की हैं। उन्होंने बताया, इस नए प्रोजेक्ट के लिए रोहित शेट्टी ने बुधवार को मुंबई में मीटिंग बुलाई थी। सिद्धार्थ मल्होत्रा इसमें लीड रोल में हैं। जाने माने कोरियोग्राफर चिन्नी प्रकाश के बेटे सुशवंत प्रकाश सीरीज को डायरेक्ट करेंगे। रोहित शेट्टी का अब



पूरा ध्यान जून तक इस वेब सीरीज पर होगा, क्योंकि वो 'सर्कस' कंप्लीट कर चुके हैं। उसका बस एक दिन का काम बाकी है। उसमें 'सर्कस' एन्जॉय कर रहे दर्शकों का सीक्वेंस फिल्माया जाना है। ऐसे में वो सीन उनके एसोसिएट लोग फिल्मा लेंगे, क्योंकि उसमें सिर्फ क्राउड का सीन होगा। क्राउड के सामने स्टेज पर रणवीर सिंह वाला सीन ऑलरेडी शूट हो चुका है।

### वेब सीरीज टेंटेटिव टाइटल है 'द घोस्ट हू बॉम्ब्स'

सूत्र आगे बताते हैं, रोहित शेट्टी खुद भी इस वेब सीरीज के कुछ एपिसोड डायरेक्ट करेंगे। खासकर जहां-जहां मेजर एक्शन सीन्स हैं। बाकी जो इंट्रोडक्शन सीन्स वगैरह सुशवंत प्रकाश डायरेक्ट करेंगे। इस वेब सीरीज का टेंटेटिव टाइटल 'द घोस्ट हू बॉम्ब्स' रखा गया है। हालांकि, घोस्ट से कहानी में भूत का कोई नाता या प्लॉट नहीं है। रोहित शेट्टी की सूर्यवंशी तो नेटफ्लिक्स पर है, हालांकि इस वेब सीरीज की मेकिंग के लिए उन्होंने अमेजन प्राइम से कोलैबोरेट किया है। जून तक वह इस वेब सीरीज को सुपरवाइज करेंगे। फिर एक महीने के लिए वो 'फीयर फैक्टर' की शूट पर जाएंगे। अलबत्ता वेब सीरीज की शूटिंग 10 से 15 मार्च से विले पार्ले के सिगरेट फैक्ट्री में शुरू की जाएगी।

### 10 या 15 मार्च से शुरू होगी सीरीज की शूटिंग

सुशवंत प्रकाश के पिता और मशहूर कोरियोग्राफर चिन्नी प्रकाश ने अपने बेटे के इस प्रोजेक्ट की पुष्टि की है। उन्होंने कहा, वेब सीरीज की असल कहानी क्या है, वह तो नहीं बता सकता। यह जरूर है कि इसमें कुछ गैंगवॉर का भी प्लॉट है। मेरे ख्याल से सिद्धार्थ मल्होत्रा फाइनलाइज हो चुके हैं। मुमकिन है कि 10 या 15 मार्च से शूट शुरू भी हो जाएगा। सिगरेट फैक्ट्री में सेट लगा है। सुशवंत ने इनिशियली कोरियोग्राफी में मुझे असिस्ट किया था, मगर उनका रुझान डायरेक्शन की ओर रहा है। हालांकि, हमारी फैमिली में सब कोरियोग्राफर रहें हैं। मसलन, मेरी भांजी वैभवी मर्चेंट भी सिनेमैटोग्राफी में ही काम करती हैं।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- 9303289950, 9827806026, 8962815243


















## खास खबर

### इस वर्ष की पहली नेशनल लोक अदालत 12 को, जिला न्यायालय रायपुर में आयोजित होगा

**रायपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा पूरे देश में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के वार्षिक कलेण्डर अनुसार जिला रायपुर तथा जिला गरियाबंद, तहसील देवभोग, तिल्दा एवं राजिम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 मार्च 2022 दिन शनिवार को आयोजित होगा। नेशनल लोक अदालत के संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के कार्यपालक अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी द्वारा नेशनल लोक अदालत के संबंध में राज्य के समस्त जिलों की विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर नेशनल लोक अदालत की तैयारी एवं अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण के निराकरण हेतु बैठक ली गयी। न्यायमूर्ति एवं कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जन-जन तक लाभ पहुंचानें, सरल एवं सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। रायपुर जिले में वृहद पैमाने पर नेशनल लोक अदालत की तैयारी की जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश अरवेंद कुमार वर्मा द्वारा नियमित रूप से राजस्व अधिकारीगण, बीमा कंपनियों, विद्युत एवं दूरसंचार के प्राधिकारियों के साथ बैठकें की जा रही है। इसके अतिरिक्त समय-समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा हाट-बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड एवं घर-घर जाकर नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि इस बार भी नेशनल लोक अदालत हाईबिड तरीके से आयोजित की जाएगी। जिसमें पक्षकार भौतिक उपस्थिति के साथ-साथ यदि चाहे तो वर्चुअल या ऑनलाईन माध्यम से भी राजीनामा कर सकते है। विशेष रूप से भाडा नियंत्रण, चेक बाउन्स, आबकारी विधि, सिविल विधि, यातायाता संबंधी, परिवार न्यायालय, विद्युत, दूरसंचार, नगर निगम, जलकर, भूमिकर, श्रम विधि, आपराधिक विधि के राजीनामा योग्य मामले एवं इसके अतिरिक्त अन्य मामला भी प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकृत करने हेतु लिया जा रहा है।

# डीपीआईआईटी विश्व के लिए मेक इन इंडिया पर बजट उपरांत वेबिनार का करेगा आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी)। भारत को विनिर्माण के लिए वैश्विक हब बनाने के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) गुरुवार 3 मार्च, 2022 को ''विश्व के लिए मेक इन इंडिया'' पर बजट उपरांत वेबिनार का आयोजन करेगा।**




आम बजट 2022 ने इंडियाञ्च100 के लिए रोडमैप का निर्माण किया है जिसमें विनिर्माण विकास तथा रोजगार सृजन के प्रमुख वाहकों में से हैं। वेबिनार में भारत में विनिर्माण में रूपांतरकारी बदलाव, निर्यात में ट्रिलियन डॉलर लक्ष्य को अर्जित करने तथा अर्थव्यवस्था के लिए एक विकास इंजन के रूप में एमएसएमई पर चर्चा करना भी शामिल होगा। अन्य बातों के अतिरिक्त, ईओडीबी 2.0 पर फोकस, सर्व-समावेशी प्रौद्योगिकी केंद्रित औद्योगिक विकास के कार्यान्वयन, कौशल निर्माण तथा रोजगार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ आम बजट 2022 की विषय वस्तुओं को आगे बढ़ाते हुए वेबिनार को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित किया जाएगा और इसमें वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, केंद्रीय और राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी तथा उद्योगों के वरिष्ठ एवं अग्रणी व्यक्ति भाग लेंगे।

वेबिनार का उद्देश्य विनिर्माण को बढ़ावा देने, निर्यात में वृद्धि करने तथा एमएसएमई को सुदृढ़ बनाने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर सभी हितधारकों के साथ प्रयासों में तालमेल बनाने के द्वारा आम बजट 2022 की गति को बनाये रखना है। हितधारकों की विशेषज्ञता एवं अनुभव का लाभ उठाने के द्वारा उद्योग की भविष्य की योजना को आगे बढ़ाने तथा विनिर्माण, निर्यात तथा एमएसएमई के क्षेत्रों में विकास सुधार के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संरचना की निगरानी के लिए एक कार्य योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विश्व के लिए मेक इन इंडिया' के विजन, आम बजट 2022 के साथ इसके तालमेल तथा वेबिनार से अपेक्षाओं पर सभी प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल कार्यक्रम के लिए समापन भाषण देंगे।

उद्घाटन सत्र के बाद, प्रतिभागी तीन लगातार सत्र (1) इंडियाञ्च100 में विनिर्माण में रूपांतरकारी बदलाव को कवर करते हुए, (2) निर्यात में भारत के ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए कार्यनीति की रूपरेखा बनाने तथा (3) इसकी खोज करना कि किस प्रकार एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन के रूप में कार्य करेगा, में भाग लेंगे।


वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का डीपीआईआईटी उद्योग 4.0 , ऑटो तथा ऑटो कंपोनेंट, दूरसंचार, इस्पात, फार्मा तथा मेडिकल डिवाइस, कपड़ा तथा ड्रोन के लिए विकास रणनीति पर विचार विमर्श करने के लिए ''इंडियाञ्च100 में विनिर्माण में रूपांतरकारी बदलाव'' पर आयोजित पहले सत्र की अगुवाई करेगा। भारत फोर्ज के अध्यक्ष तथा एमडी बाबा कल्याणी इस सत्र के सभापति होंगे। यह सत्र भारी उद्योग मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, फार्मास्युटिकल्स विभाग तथा इस्पात मंत्रालय में सचिवों की टिप्पणियों के साथ संपन्न होगा जिसके बाद गुजरात, उत्तर प्रदेश तथा तेलंगाना राज्यों के उद्योग से जुड़े प्रधान सचिव टिप्पणी करेंगे।

# कल से 8 अप्रैल तक चलेगा शिशु संरक्षण माह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। ज़िले में 04 मार्च से 08 अप्रैल तक चलाये जाने वाले शिशु संरक्षण माह में 2.70 लाख से अधिक बच्चों को विटामिन ए और लगभग 2.88 लाख बच्चों को आयरन सिरप की खुराक दी जायेगी। यह खुराक दस प्रस्तावित सत्रों में बच्चों को पिलाई जायेगी। शिशु और बाल्य रोग विशेषज्ञों अनुसार आयरन और विटामिन ए की खुराक से बच्चों के पोषण स्तर में सुधार आता है।**

इसकी खुराक न पीने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास सही से नहीं हो पाता है। नौ माह से एक वर्ष तक के बच्चों को एक एमएल विटामिन ए की खुराक एवं एक वर्ष से पांच वर्ष तक के बच्चों को दो एमएल खुराक दी जायेगी, वहीं छः माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को एक एमएल प्रति सप्ताह



आयरन फोलिक सीरप की निर्धारित खुराक दी जायेगी। जानकारी देते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी, डॉ.आशीष वर्मा ने बताया, यह शिशु संरक्षण माह विटामिन ए अनुपूरक कार्यक्रम है जिसमें विटामिन ए और आयरन सिरप समस्त शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क दिया जायेगा। इन दवाइयों के साथ साथ ही उनका वजन लेना, पोषण आहार की जानकारी देना, आंगनवाड़ी केंद्रों में पोषण आहार की सेवाओं की उपलब्धता कराना,और अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती करवाने जैसी गतिविधियां शामिल है है । ज़िले में इस बार लगभग दससत्रों का लक्ष्य प्रस्तावित है, विटामिन ए पीने वाले बच्चों की संख्या जिसमें विकासखण्ड अभनपुर में 12,277 बालक और 11,557 बालिकाएं कुल 23,834, आरंग में 11,718 बालक एवं 11,437 बालिकाएं कुल 23,155, धरसीवा में 7,924 बालक और 7,615 बालिकाएं कुल 15,539, तिल्दा में 9,493 बालक और 9,622 बालिकाएं कुल 19,115, रायपुर शहरी क्षेत्र में 90,649 बालक एवं 83,631 बालिकाएं कुल 1,74,280 वही बिरगांव शहरी क्षेत्र में 6,828 बालक एवं 6,560 बालिकाएं कुल 13,388 बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी जिले में कुल 2,69,311 जिसमें 1,38,889 बालक एवं 1,30,422 बालिकाएं को विटामिन ए की खुराक दी जाएगी। आईएफए सिरप पीने वाले बच्चे विकासखंड अभनपुर में 12,994 बालक एवं 12,231 बालिकाएं कुल 25,225 आरंग में 14,894 बालक एवं 14,542 बालिकाएं कुल 29,436 धरसीवा में 8,381 बालक 8,053 बालिकाएं कुल16,434 तिल्दा में 10121 बालक एवं 10268 बालिकाएं कुल 20,389 रायपुर शहरी क्षेत्र में 94,793 बालक एवं 87,411 बालिकाएं कुल 1,82,204 बिरगांव शहरी क्षेत्र में 7,230 बालक एवं 6,946 बालिकाएं कुल 14,176 बच्चों को आईएफए सिरप की खुराक दी जाएगी। जिले में कुल 2,87,864 बच्चों को आयरन सिरप खुराक दी जाएगी जिसमें 1,48,413 बालक एवं 1,39,451 बालिकाएं शामिल होंगी । विटामिन ए की खुराक के लिए 2,69,311 बच्चों, जिसमें 1,38,8879 बालक एवं 1,30,422 बालिकाओं का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । वहीं आयरन सीरप को पिलाने के लियें कुल 2,87,864 बच्चों को लक्षित किया गया है।

# कलेक्टर ने वीडियों काल के जरिये मछली पालक समूहों के हितग्राहियों से की चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। जिले में मत्स्य विभाग के कार्यो के सफल संचालन एवं योजना के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर भीम सिंह ने वीडियो काल के माध्यम से मत्स्य पालन विभाग के हितग्राहियों से चर्चा की।**

जिलें में लगभग 7291 तालाब में से 6966 तालाब में मत्स्य पालन किया जा रहा है। जिले में लगभग 63 मछुआ सहकारी समितियां पंजीकृत है तथा लगभग 150 से अधिक समूह है। जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भागीदारी है।

कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत कोतरा अंतर्गत कंठीटार जलाशय के भैना सिदार, मछुआ समूह के अध्यक्ष छोटे लाल सिदार तथा अन्य सदस्यों से चर्चा किए। जिसमें समूह के अध्यक्ष ने बताया कि उन्हें शासन के द्वारा वर्ष 2021 में मत्स्य पालन हेतु 10 हेक्टेयर जलाशय पट्टा पर 10 वर्ष हेतु प्राप्त हुआ है।

जिसमें समूह के द्वारा मत्स्य पालन किया जा रहा है। मत्स्य विभाग द्वारा समूह के सदस्यों को मत्स्य पालन हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया है। साथ ही जाल वितरण एवं ब्याज मुक्त मत्स्य पालन ऋण की जानकारी भी बतायी गई। समूह द्वारा मत्स्य पालन हेतु मत्स्य विभाग तथा बाहर बाजार से बीज जलाशय में डाला गया है। समूह के अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि अब तक लगभग 28 हजार लागत आ चुकी है, कुछ और लागत लग सकती है। मत्स्य पालन से लगभग 3 से 4 लाख रूपये वार्षिक लाभ की उम्मीद है।

# 46 ग्राम पंचायतों के लिए बैंक के रूप में काम कर रही 10 बैंक दीदीयां

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोण्डागांव।** गांव-गांव में हर घर के व्यक्ति को रोजगार का अधिकार सुनिश्चित करने हेतु शासन द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा) के तहत् लोगो को रोजगार दिला कर डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके खातों में उनकी मजदूरी का भुगतान किया जाता है। ऐसे में फरसगांव क्षेत्र के वनांचलों में विकासखण्ड मुख्यालय को मिलाकर केवल 5 बैंक की शाखायें है इसके अलावा केशकाल के धनोरा में दो तथा नारायणपुर जिले में आने वाले बेनुर में बैंक की शाखायें उपलब्ध है।



जिससे ग्रामीणो को अपने हक के पैसों को प्राप्त करने के लिए लम्बा रास्ता तय कर दूसरे गांवो मे जाकर लम्बी लम्बी कतारों में खड़े होकर पैसा प्राप्त होता था। ऐसे में उन्हे केवल खातो में पैसे की जानकारी के लिए बहुत सारे कष्ट उठाने पडते थे साथ ही पैसो की जानकारी के अभाव में उन्हे मनरेगा द्वारा प्राप्त पैसों की जानकारी प्राप्त ना होने पर उनका मन मनरेगा कार्यो से भी विमुख हो जाता था। ऐसे में मनरेगा कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के समक्ष शिकायतों की संख्या में वृद्धि पर पुछताछ में अधिकतर श्रमिकों को भुगतान खातों में होने के बाद भी उनकी अनभिज्ञता के कारण उनके मनोबल में कमी आने की बात अधिकारियों द्वारा बताई गई ऐसे में कलेक्टर ने श्रमिकों के मनोबल को उंचा उठाने एवं उनको उचित भुगतान कराने की आवश्यकता को देखते हुए मनरेगा के सभी भुगतानों को कार्यस्थल पर ही करवाने के निर्देश दिये। निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ प्रेमप्रकाश शर्मा द्वारा फरसगांव विकासखण्ड में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में विकासखण्ड अंतर्गत आने वाले 73 ग्राम पंचायतों में से 44 बैंक विहिन एवं दूरस्थ ग्रामों के 14098 एक्टिव जॉबकार्ड धारकों हेतु बिहान समूहों के माध्यम से 10 बैंक सखियों की नियुक्ति की गई।

इन बैंक सखियों में करुणा, रुखमनी, धनमती, रूपेशवरी, खेमेश्वरी, जयंती, शारदा जैन, हेमबती, पुष्पा, सावित्री शामिल हैं। इन बीसी सखियों को ग्रामीणों द्वारा बैंक दीदी कहकर संबोधित किया जाता है। इन बैंक सखियों द्वारा 44 ग्राम पंचायतों में एफ्टीओ जारी होने के बाद ग्राम पंचायत के सचिव, रोजगार सहायकों द्वारा ग्राम पंचायत में मजदूरी भुगतान की सूचना मजदूरों को दे दी जाती है। जिस आधार पर बीसी के द्वारा कार्य स्थल एवं ग्रामीणों की सुविधा अनुसार ग्राम पंचायत भवन में मजदूरी भुगतान कार्य किया जाता है। गांव वालों ने बताया कि बैंक दीदीयों के गांव आकर हमारे मनरेगा श्रमिक के रूप में किये गये कार्य का भुगतान होने से अब उन्हें बिना गांव से दूर जाये गांव में ही रोजगार एवं गांव में ही भुगतान प्राप्त होने से सभी उत्साहित है। पहले भुगतान की स्थिति पता न चलने एवं बैंकों के दूर होने के कारण लोगों का मनरेगा के प्रति उत्साह कम हो गया था। अब बैंक दीदीयों के गांव तक आने से लोग खुद घरों से निकलकर मनरेगा कार्यों से जुड़कर रोजगार के साथ गांव के विकास में भी योगदान दे रहे हैं। इसके संबंध में जनपद सीईओ सीमा ठाकुर ने बताया की बीसी सखियों द्वारा न केवल पैसों का लेनदेन किया जाता है अपितु ग्रामीणों को उनके अकाउन्ट के पैसों के संबंध में भी जानकारी दी जाती है।

# विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता- डीआरएम कप का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ रायपुर मंडल द्वारा 19वीं अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता डीआरएम कप 2022 का शुभारंभ बुधवार को सेकरसा क्रिकेट स्टेडियम डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी रायपुर में किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

अंतर विभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता डीआरएम कप-2022 अपर मंडल रेल प्रबंधक (ओपी) लोकेश विश्नोई, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक एवं वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी डॉ.प्रकाश चंद त्रिपाठी, के दिशा निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।

उपरोक्त डीआरएम कप 2022 में रायपुर मंडल के विभागों के मध्य टीमों को बनाया गया है। इस टूर्नामेंट में 18 टीमें हिस्सा ले रही है, प्रथम चरण में सभी टीमों को 6 पूल में बांटकर लीग पद्धति से मैच कराया जा रहा है इसके उपरांत सुपर सिक्स टीमें जो जीतकर बाहर आयेंगी उनके मध्य लीग मैच कराया जाएगा उसमे जो टॉप चार टीम बाहर आयेंगी उनके मध्य सेमीफाइनल मैच होगा, सेमीफाइनल मैच में हारी हुई टीमों के बीच तृतीय स्थान के लिए मैच होगा ,जीती हुई टीम के बीच 13 मार्च को फाइनल मैच खेला जाएगा।

## Name Change

I, Harpreet Kalket Batth W/o Anant Raj Singh Batth, aged 40 years, R/o 15, Malviya Nagar, Durg (CG), vide affidavit dated March 3, 2022 sworn before Notary, state that before marriage my name was Kumari Harpreet Kaur Kalket D/o Hardev Singh Kalket and the same is mentioned in my educational certificates.

After my marriage on 28/10/2007, my name has been changed as Mrs. Harpreet Kalket Batth W/o Anant Raj Singh Batth. So, in future, I should be recognised by my new name that is HARPREET KALKET BATTH in all government and other documents.

Deponent

# विश्व श्रवण दिवस पर जिला अस्पताल पंडरी में होगा विशेष शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर ज़िला अस्पताल पंडरी में एक विशेष सात-दिवसीय कर्ण स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शिविर में निःशुल्क कान की जांच की जायेगी। इस दौरान हर आयु वर्ग के रोगियों को निःशुल्क चिकित्सीय सलाह एवं दवाइयों के साथ-साथ आवश्यकता अनुरूप श्रवण यंत्र भी उपलब्ध कराये जायेंगे।

जन समुदाय में कान की देखभाल और कान की समस्याओं के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। साथ ही कान रोग के उपचार और बचाव की जानकारी भी लोगों को दी जाती है । जिला चिकित्सालय में 9 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मीरा बघेल और सिविल सर्जन डॉ पी.के गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

स्क्रीनिंग कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी डॉ. नीति वर्मा ने बताया,राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत कान की समस्याओं के लिए कर्ण रोगियों की जिला अस्पताल में विशेषज्ञ के माध्यम से स्क्रीनिंग की जाएगी । साथ ही ऐसे बच्चे जिनको जन्म से ही बहरापन है उन बच्चों के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट की सुविधा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजना के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। स्क्रीनिंग के दौरान मिले गंभीर और अति गंभीर मरीजों के लिए रेफर की व्यवस्था भी की जाएगी । उनका नियमित रूप से फॉलोअप भी किया जाएगा।

जिले में बेहतर इलाज मुहैया कराने के उद्देश्य से राज्य स्तर से ईएनटी (कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ ),पीजीएमओ चिकित्सक तथा ऑडियोलॉजिस्ट यूनिट को कार्यक्रमों की मार्गदर्शिका अनुरूप प्रशिक्षित किया गया है ।






































## खास-खबर



### रायपुर में सिग्नल पर रुकी कार में लगी आग, एसबीआई के डिप्टी मैनेजर बाल-बाल बचे

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में बुधवार रात नौ बजे भगत सिंह चौक के रेड सिग्नल पर अचानक इंडिगो कार में आग लग गई। कार में एसबीआई डिप्टी मैनेजर और उनके ड्राइवर सवार थे। कार पूरी तरह जलकर स्वाहा हो गई। कार में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा। फायर ब्रिगेड की एक वाहन ने मौके पहुंच कर आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। आग की वजह से किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

जनाकरी के अनुसार एसबीआई के डिप्टी मैनेजर बीरबल राम केरकेटा और उनका ड्राइवर मुख्यमंत्री निवास की ओर से आ रहे थे। रेड सिंग्नल में गाड़ी खड़ी थी। तभी अचानक सामने से धुआं उठने लगे। धुंआ उठता देख डिप्टी मैनेजर और ड्राइवर तुरंत कार से उतरे। देखते ही देखते कार में आग लग गई। चौके में मौजूद पुलिस कर्मियों ने वहां मौजूद लोगों को गाड़ियों को तत्काल दूर करवाया। कार धू-घू कर जलने लगी।

### पुलिस की सतर्कता से पकड़ा गया चोर

**रायपुर ( ए )।** दुकान का ताला काटकर चोरी करने का प्रयास करते मध्य प्रदेश सीधी का अंतरराज्यीय आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया। मंगलवार की दरम्यानी रात्रि थाना देवेंद्र नगर पुलिस की रात्रि गश्त पार्टी थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति थाना देवेंद्र नगर क्षेत्रांतर्गत मेन रोड एलआईसी बिल्डिंग के पास स्थित दाऊ लाल पान शाप के सामने कंबल ओढ़कर दुकान में लगे ताला को आरी से धीरे-धीरे काट रहा था। जिसे रात्रि गश्त में लगे पुलिस टीम द्वारा मौके पर पकड़ लिया।

पुलिस टीम के सदस्यों द्वारा पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम प्रेमलाल साकेत निवासी सीधी मध्य प्रदेश का होना बताया। दुकान के ताला को चेक करने पर प्रेमलाल द्वारा एक ताला को काटकर अलग कर दिया गया था और दूसरे ताला को काटने के दौरान उसे मौके पर पकड़ लिया गया। आरोपित रेलवे स्टेशन में रहता था और मांगकर अपना जीवन यापन कर रहा था।

### डबल मर्डर की मिस्ट्री सुलझी

# जगदलपुर के युवक ने ही की थी पत्नी और बच्चे की हत्या, बिहार के गया से गिरफ्तार

**जगदलपुर (ए)।** जगदलपुर में पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में हुए डबल मर्डर मिस्ट्री को सुलझा दिया है। पुलिस ने बुधवार को प्रेस वार्ता लेकर खुलासा किया है कि पति ने ही अपनी पत्नी और 8 साल के बच्चे की हत्या की थी। उसने पत्नी और बच्चे को पहले चूहे मारने की दवा खिलाई, जब सांसें नहीं रुकी तो गला दबाकर मार डाला। 13 फरवरी को हत्या की गई थी। पुलिस ने 17 फरवरी को शव बरामद किया था। वहीं आरोपी को बिहार के गया से गिरफ्तार किया गया है। जिसे जेल भेज दिया गया है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, सनसिटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले अमिताभ राय को अपनी पत्नी चमेली रॉय से हुए बच्चे पर शक था। उसे लगता था कि बच्चा किसी और का है। इसी बात पर हमेशा घर में आपसी कलह होता था। वहीं 13 फरवरी को अमिताभ ने बाजार से चूहे मारने की दवा खरीदी। फिर किसी तरह से पत्नी-बच्चे को खाने में मिला कर खिला दिया। पत्नी की थोड़ी बहुत सांसे चलती देख गला दबाकर मार दिया। इसके बाद उसने बच्चे की भी गला दबाकर हत्या कर दी और मकान में ताला लगाकर भाग गया।

#### बिहार में होने की मिली थी जानकारी

इधर, इस मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी। जिसके बाद पुलिस को कुछ लोगों से पता चला था कि अमिताभ रॉय अपने पिता और भाई का पिंडदान करने के लिए बिहार के गया, गया हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर के बताए अनुसार एक टीम बनाकर गया रवाना की। वहां आस-पास के लोगों से पूछताछ भी की गई। पुलिस को पता चला था कि अमिताभ यहां एक घर में छिपकर रह रहा है। जिसे जवानों ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं बुधवार को पुलिस ने प्रेस वार्ता रखने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म के दो आरोपितों को 20-20 साल की सजा



**रायपुर ( ए )।** विधानसभा थाना इलाके में तीन वर्ष पूर्व एक नाबालिग का अपहरण कर कार में दुष्कर्म करने वाले दो आरोपितों को कोर्ट ने 20-20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा नौ-नौ हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड नहीं पटाने पर कोर्ट ने दोनों बदमाशों को अतिरिक्त छह-छह माह कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राधिका सैनी की फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई है। पैरवी लोक अभियोजक यास्मिन बेगम ने की।

कोर्ट ने 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में मूलत: उत्तर प्रदेश, हमीरपुर निवासी सैय्यद अली और इमाम खान को सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक दोनों आरोपित नाबालिग को 23 मई 2019 को पंडरी बस स्टैंड से उसके घर छोड़ देने का झांसा देकर अपहरण कर अपने साथ ले गए। इसके बाद खरोरा ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

नाबालिग घटना दिनांक के दो दिन पहले पहले अपने मौसी के घर गई थी। दूसरे दिन शाम को बस से वापस लौटने के बाद इमाम ने उसे उसके घर छोड़ देने का झांसा दिया। इसके बाद दुष्कर्म किया। मामले में पुलिस और कोर्ट में 20 लोगों के बयान दर्ज करवाए गए। जिसके बाद कोर्ट ने सजा सुनाई।

### हत्या के तीन नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

# सप्ताहभर पहले किए थे 17 साल के नाबालिग की हत्या, एक को मारा था चाकू

**बिलासपुर ( ए )।** नाबालिगों के बीच हुए गैंगवार और हत्या करने के मामले में पुलिस ने 3 और आरोपियों को पकड़ा है। पकड़े गए तीनों आरोपी भी नाबालिग हैं। जिन्हें बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। महज सप्ताहभर पहले एक नाबालिग की हत्या करने और दूसरे को चाकू मारने की वारदात में ये सभी शामिल थे। इससे पहले हत्या में शामिल 4 नाबालिगों को भी पकड़ा गया था। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।




जानकारी के मुताबिक, 25 फरवरी की दोपहर राजीव गांधी चौक के पास रहने वाला 17 साल का नवीन महादेव अपने साथी वर्षीय उदय चक्रवर्ती (18) के साथ सिविल लाइन थाना के पास समता कालोनी गार्डन गैस गोदाम गली के पास दोनों खड़े थे। तभी कुछ युवकों ने आकर उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में नवीन महादेवा की मौत हो गई थी। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। उदय की गम्भीर हालत को देखते हुए उसे मेकाहारा रेफर किया गया था।

घायल के साथ मोहम्मद शाकिर की रिपोर्ट पर हत्या का अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने हत्याकांड के दिन ही हत्या में शामिल 4 नाबालिगों को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया था। हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही थी। फरार आरोपियों में से तीन आरोपियों को आज पुलिस ने पकड़ लिया है। जिन्हें बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।

### जमीन पर कब्जा करनेवालों को पहचानने निकले कलेक्टर

# जगदलपुर में रेलवे की जमीन बेचने के मामले में जांच शुरू, मौके पर पहुंचे अधिकारी

**जगदलपुर ( ए )।** जगदलपुर में रेलवे भूमि पर कब्जा करने वालों की पहचान करने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी वार्डों का सर्वे कर रहे हैं। बुधवार को जवाहर नगर वार्ड का सर्वे किया गया। इस दौरान कोई विवाद न हो इसलिए कलेक्टर रजत बंसल ने खुद सर्वे की कमान संभाली है। बुधवार को शहर के उन सभी इलाकों में कलेक्टर ने सर्वे किया जो हिस्सा रेलवे की भूमि में आ रहा है। वार्ड के रहवासियों से बातचीत कर काम में मदद करने की समझाइश भी दी।



संयुक्त सर्वेक्षण दल में राजस्व, नगर निगम, वन विभाग और रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। इस दौरान रहवासियों से आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड, प्लाट का खसरा क्रमांक और मोबाइल नंबर की जानकारी ली गई। सर्वेक्षण के दौरान कलेक्टर ने रहवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि वे किसी भी प्रकार के अफवाह में न आएं। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के बाद जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में आवश्यक कार्य योजना बनाई जाएगी।

दरअसल, जगदलपुर नगर निगम के संजय गांधी वार्ड की कांग्रेसी पार्षद पर वार्ड की महिलाओं ने पीएम आवास दिलाने के नाम पर 25-25 हजार रुपए का कमीशन दिया था। जिसके बाद मामले की शिकायत हुई और पार्षद कोमल सेना को गिरफ्तार कर लिया गया है। जब इस मामले की जांच की गई तो पता चला था कि जिस जगह पर पहले से ही वार्डवासी रह रहे हैं वह जगह रेलवे की है। जहां बहुत ज्यादा अतिक्रमण हुआ है। इसी वजह से पिछले लगभग 2 महीने से रेलवे हरकत में आया है। और कुछ वार्डों का सर्वे शुरू करवा दिया गया है।

## खुलेआम चाकूबाजी पर आदिवासी कांग्रेस ने डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर ( ए )।** शहर में अपराधी बेखौफ होकर चाकूबाजी की घटना को अंजाम दे रहे है। पिछले दिनों कांग्रेस कार्यकर्ता धनंजय मिश्रा को बदमाशों ने चाकू से मारकर घायल कर दिया था।इस मामले को लेकर आदिवासी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। आदिवासी कांग्रेस के रायपुर शहर जिला अध्यक्ष भवानी सिंह मरकाम ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता धनंजय मिश्रा के उपर चाकू से हमले की घटना से कांग्रेस पदाधिकारियों में आक्रोश है। इसी तरह वर्तमान में अपराधी किस्म के लोग आनलाइन चाकू मंगवा रहे है,इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना चाहिए। चाकू की नोक पर बदमाश लोगों को धमका रहे है।

इस संबंध में भवानी सिंह मरकाम के नेतृत्व में उप पुलिस अधीक्षक अंजली गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि शहर में खुलेआम नशे की सामग्री बिक रही है। इससे माहौल बिगड़ता जा रहा है। सामने होली त्योहार है अगर ऐसे ही अपराधियों को नहीं रोका जाएगा तो बहुत बड़ी घटना हो सकती है। शहर में हर गली, मोहल्ले में पुलिस की गश्त होना जरूरी है ताकि अपराध करने वालों में पुलिस का डर हो,तभी रायपुर शहर सुरक्षित रहेगी।








































## खास - खबर

### अंडर 16 राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा के लिए जिले से रिदिमा तिवारी का चयन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा रायपुर में आयोजित सब जूनियर शतरंज स्पर्धा में अंडर 16 में जिले की शतरंज खिलाड़ी रीदिमा तिवारी का चयन राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा अंडर 16 के लिए चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्पर्धा में चयनित होने पर आज एमआईसी प्रभारी मनदीप सिंग भाटिया ने ट्रॉफी, टी शर्ट एवं गुलदस्ता भेटकर रिदीमा का सम्मान किया तथा शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव एवं दुर्ग जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, मुकेश तिवारी सचिव मिथिलेश बंजारे कोषाध्यक्ष तुलसी सोनी उपस्थित थे। उक्त स्पर्धा 4 मार्च से 8 मार्च तक दिल्ली में आयोजित हैं। कु. रिदिमा तिवारी शंकराचार्य विद्यालय क्लास 9वीं की छात्रा है। रीदिमा के चयन पर दुर्ग जिला शतरंज संघ के दिनेश जैन, संजय खंडेलवाल, मोरध्वज चंद्राकर, दिनेश नालोडे, ललित वर्मा, अजय राय, आरके ताम्रकार, हरीश सोनी, जवाहर सिंह राजपूत, मयंक सिंह भारद्वाज एवं अन्य शतरंज खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आय का डोर टू डोर होगा सर्वे, स्व सहायता समूह की महिलाएं होंगी मैदान पर

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आय का सर्वेक्षण डोर टू डोर किया जाएगा। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने बैठक लेकर अधिकारियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को इसके लिए सर्वे कार्य करने के निर्देश दिए है। स्व सहायता समूह की सीआरपी की महिलाएं सर्वे का कार्य करेंगे। छूटे हुए लोगों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए इन्हें ऐसे छूटे हुए लोगों की सूची निगम ने उपलब्ध कराया है। नगर पालिक निगम भिलाई शहर के नागरिकों से अपील करता है कि सर्वे के दौरान अपने सामान्य जानकारी देने में निगम के कर्मचारियों का सहयोग करें। ताकि सर्वे के दौरान निगम के कर्मचारियों को सर्वेक्षण कार्य में बाधा न आए और सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो सके, इसके लिए निर्वाचित पार्षदों से भी निगम ने अनुरोध किया है।

### श्री श्री रूद्रावतार बजरंगबली मंदिर में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के उतई रोड मरोदा रिसाली में स्थित श्री श्री रूद्रावतार बजरंगबली मंदिर में मंगलवार को महाशिवरात्रि बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस आयोजन में रिसाली के महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर सहित एमआईसी सदस्य अनूप डे, सोनिया देवांगन एवं वार्ड-28 पार्षद सीमा साहू भी शामिल हुए। रिसाली युवा मण्डल व किरण नायडू एवं राकेश सिसोदिया के नेतृत्व में श्री श्री रुद्रावतार बजरंगबली मंदिर में गत पांच वर्षों से लगातार महाशिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं भोग का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस बार मंदिर में महाशिवरात्रि बड़े धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में जहां सैकड़ों की संख्या में भक्तगण पहुंचे थे, वहीं रिसाली नगर निगम के महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सदस्य अनूप डे, सोनिया देवांगन एवं वार्ड-28 की पार्षद सीमा साहू भी मंदिर के कार्यक्रम में शामिल हुए।

### ओम तिवारी ग्रुप की प्रस्तुतियों पर झूम उठे श्रद्धालू

**दुर्ग।** महाशिरात्रि पर्व पर शिवनाथ नदी तट पर नगर निगम द्वारा मेला का आयोजन किया गया। मेला में उभरते गायक ओम तिवारी एवं साथी कलाकारों ने अपने भजनों की प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में मौजूद विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, सभापति राजेश यादव एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने बेहतरीन प्रस्तुति के लिए गायक ओम तिवारी को बधाई दी और उनके उज्जव भविष्य की कामना की।

# छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के स्टोरेज मॉड्यूल की पूरे देश में सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया ने हर पैरामीटर को उपयुक्त माना**

**महाराष्ट्र और हरियाणा ने छत्तीसगढ़ के मॉड्यूल में दिलचस्पी ली : महाराष्ट्र को दी गई तकनीकी सहायता**



**दुर्ग।** स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा के मार्गदर्शन में तैयार किये गए स्टोरेज मॉड्यूल की पूरे देश में सराहना हो रही है। भारत सरकार के खाद्य विभाग और फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया ने सभी राज्यों के स्टोरेज मॉड्यूल सहित अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान छत्तीसगढ़ वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के गोडाऊन में स्टोरेज मॉड्यूल और मॉनिटरिंग, रखरखाव से संबंधित हर पैरामीटर को पूरे देश में सर्वोत्तम माना है।आज छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर्स की बैठक में इस उपलब्धि के लिए कार्पोरेशन के चेयरमेन अरुण वोरा को बधाई दी गई।

पिछले दिनों भारत सरकार के खाद्य विभाग और एफसीआई द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के स्टोरेज मॉड्यूल का अवलोकन किया था। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य में उपयोग में लाए जा रहे स्टोरेज मॉड्यूल को हर पैरामीटर में उपयुक्त पाया गया। केवल छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन ही ऐसा राज्य था, जिसका स्टोरेज मॉड्यूल सभी पैरामीटर में जानकारी देने में सक्षम है। छत्तीसगढ़ राज्य के मॉड्यूल को अब दूसरे राज्यों में भी लागू किया जा रहा है। दरअसल, खाद्य विभाग भारत सरकार ने सभी राज्यों में खाद्यान्नों के भंडारण की मॉनिटरिंग और समय-समय पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए एक एप्लीकेशन ईको सिस्टम की कल्पना की है, जिसमें सभी राज्यों के स्टोरेज मैनेजमेंट को इंटीग्रेट कर केंद्रीय पूल स्टाक के भंडारण से संबंधित सभी जानकारियां एक स्थान पर उपलब्ध किया सके। पूरे देश में खाद्यान्नों के रिकॉर्ड के बेहतर प्रबंधन, व्यवस्थित और एकरूपता लाने के उद्देश्य से एफसीआई द्वारा राज्यों के विभिन्न स्टोरेज मैनेजमेंट सिस्टम के अध्ययन और विश्लेषण किया गया। सभी राज्यों के स्टोरेज मैनेजमेंट पोर्टल में एकरूपता और अंतर संचालन सुनिश्चित करने एफसीआई द्वारा कई मानदंड तय किये गए। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के ऑनलाइन स्टोरेज मॉड्यूल, ऑनलाइन धर्मकांटा मॉड्यूल, ऑफलाइन गेटपास मॉड्यूल, इंसेक्टीसाइड इनवेंटरी सिस्टम, एम्प्लायी मैनेजमेंट सिस्टम, ऑनलाइन फिजिकल वेरीफिकेशन सिस्टम, ऑनलाइन इंस्पेक्शन सिस्टम, ऑनलाइन लीव सिस्टम, आनलाइन सीआर सिस्टम, आय व्यय पत्रक, डैशबोर्ड आदि को केंद्रीय खाद्य विभाग और एफसीआई ने सर्वोत्तम माना है। दूसरे राज्यों को भी इस मॉड्यूल का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ के मॉड्यूल को ही लागू करने की सलाह दी गई है। हरियाणा और महाराष्ट्र राज्य ने छत्तीसगढ़ वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के स्टोरेज मॉड्यूल पर रुचि लेते हुए स्टोरेज मॉड्यूल का अध्ययन भी कर लिया है। महाराष्ट्र राज्य ने इस संबंध में छत्तीसगढ़ वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन से तकनीकी सहायता भी मांगी है। कार्पोरेशन द्वारा निशुल्क तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

बोर्ड की बैठक में बजट 2022-23 को मंजूरी दी गई। इसके अलावा 58 नए गोडाऊन में धर्मकांटा स्थापित करने सहित अन्य प्रस्ताव पारित किये गए। बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक में छत्तीसगढ़ खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक निरंजन दास, राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ के प्रबंध संचालक संजय शुक्ला, छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग के संयुक्त सचिव अतीश पांडे, भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक एसवी राधाकृष्ण राव, श्याम अवतार केडिया, स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन के एमडी अभिनव अग्रवाल उपस्थित थे।

## आरएमपी-3, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3, यूआरएम ने सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के रचे नये कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने माह फरवरी, 2022 में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के विभिन्न कीर्तिमान स्थापित किए। इन विभागों में आरएमपी-3, ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3 और यूआरएम आदि विभाग शामिल है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3 (आएमपी-3) ने फरवरी, 2022 में 37,381 टन उत्पादन कर बेस्ट जनवरी का मासिक रिकॉर्ड कायम किया है।**

जनवरी, 2022 में 37,358 टन उत्पादन के अपने पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का कीर्तिमान दर्ज किया है। इसी प्रकार आएमपी-3 ने अपना सर्वश्रेष्ठ दैनिक उत्पादन का रिकॉर्ड बनाते हुए 28 फरवरी, 2022 को 1508 टन का दैनिक उत्पादन कर 24 मार्च, 2021 को उत्पादित 1452 टन दैनिक उत्पादन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। रिफ्रेक्टरी मटेरियल प्लांट-3 ने बेहतर प्रोडक्शन करते हुए वित्त वर्ष 2021-22 के जनवरी, 2022 माह तक 3.02 लाख टन का उत्पादन कर बेस्ट वार्षिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया है। आरएमपी-3 ने यह रिकॉर्ड वित्त वर्ष शेष होने के दो महीने पहले ही हासिल कर लिया।

**ब्लास्ट फर्नेस ने बनाए नए रिकॉर्ड**

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की ब्लास्ट फर्नेसों ने फरवरी 2022 में 105 किग्रा प्रति टन हॉट मेटल की कोल डस्ट इंजेक्शन दर (सीडीआई रेट) प्राप्त कर नया मासिक रिकॉर्ड दर्ज किया, जो कि नवम्बर 2021 को हासिल 101 किग्रा प्रति टन हॉट मेटल की कोल डस्ट इंजेक्शन दर के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए बनाया गया। 2013 को हासिल 76 किग्रा प्रति टन हॉट मेटल की कोल डस्ट इंजेक्शन दर के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए बनाया गया। ब्लास्ट फर्नेस-8 ने फरवरी 2022 में 124 किग्रा प्रति टन हॉट मेटल की कोल डस्ट इंजेक्शन दर (सीडीआई रेट) प्राप्त कर नया मासिक रिकॉर्ड दर्ज किया, जो कि फरवरी, 2021 को हासिल 93 किग्रा प्रति टन हॉट मेटल की कोल डस्ट इंजेक्शन दर के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार करते हुए बनाया गया।

## राशनकार्ड बनवाने अलग-अलग वार्डों में लग रहा आज से फिर शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। राज्य शासन की मंशा के अनुक्रम में निकाय क्षेत्रान्तर्गत छुटे हुए परिवार का नवीन एपीएल एवं बीपीएल राशनकार्ड बनवाने के लिए 3 से 9 मार्च तक समय प्रात 10 बजे से शाम 4 तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त हरेश मंडावी के द्वारा कर्मचारियों की ड्यूटी लागाई जाती है। वे संबंधित वार्ड पार्षद को निरन्तर सूचित करते हुए शिविर का सफल आयोजन करेंगे।**

शिविर समाप्ति पश्चात् वे राजस्व विभाग प्रभारी राजस्व अधिकारी नारायण यादव को राशनकार्ड का प्रपत्र में डाटा देंगे। छुटे हुए राशन कार्ड का भैतिक सत्यापन लिए किया जाएगा आवेदन करने हेतु राशनकार्ड शिविर 3 मार्च दिन गुरुवार से 5 मार्च से विभिन्न वार्डो में शिविर का आयोजन किया जाएगा।जहां किसी कारण से राशनकार्ड बनवाने से छूटे हुए परिवार शिविर स्थल में आवेदन कर राशनकार्ड बनवा सकते है। गुरुवार 3 मार्च से 9 मार्च तक इन वार्ड में होगा शिविर का आयोजन देखे सूची वार्ड 1, 2, 3, 4, 56 चंद्रशेखर स्कूल, पंचशील नगर, वार्ड 5, 6, 7, 8, 9 तिलक स्कूल शिक्षक नगर, वार्ड 10, 11, 12, 16 महर्षि सरस्वती दयानंद शंकर नगर, वार्ड 14,15,16 सिकोला भाठा स्कूल, वार्ड 17, 18, 19, 20, 22,वार्ड कार्यलय आदित्य नगर, वार्ड 21, 59, 60 कातुलबोर्ड स्कूल, वार्ड 23, 24, 25, 26 सिंधी धर्मशाला, सिंधी कालोनी, वार्ड 27, 26, 29 यादव छात्रवास पचरी पारा में लगेगा छुटे हुए लोगो का राशन कार्ड के लिए शिविर। राशनकार्ड बनवाने 32 वार्डों का शिविर 8 स्थानों में होगा, निगम आयुक्त हरेश मंडावी की अपील छुटे हुए हितग्राही राशन कार्ड बनवाने हेतु शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएं, 7 से 9 मार्च तक इन वार्डो में होगा शिविर, वार्ड 30, 31, 32,46, 47, 48 विवेकानंद सभागार, वार्ड 49, 50, 51, 52 शासकीय प्राथमिक शाला बोरसी, वार्ड 53, 54, शासकीय प्राथमिक शाला पोटिया, वार्ड 55 शासकीय प्राथमिक शाला पुलगांव, वार्ड 57, 58 शासकीय प्राथमिक शाला उरला में होगा शिविर का आयोजन।

**वार्ड 19 में जल संरक्षण के लिए बनेगी योजना**

## गृहमंत्री ने सुबह जारी किया फरमान, शाम को महापौर के साथ आयुक्त पहुंचे निचली बस्ती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृह एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश पर महापौर, एमआईसी सदस्य, पार्षद व आयुक्त निर्धारित दिनों में फिल्ड पर रहेंगे। सुबह फरमान जारी होते ही पूरी टीम बुधवार शाम वार्ड 19 विजय चैक स्टेशन मरोदा पहुंची। इस दौरान पानी निकासी की समस्या पर नागरिकों ने ही नाली की जगह पर अतिक्रमण होने और उसे हटाने की गुहार लगाई।**



महापौर शशि सिन्हा आज पूरी टीम के साथ विजय चैक स्टेशन मरोदा, देवार पारा गली समेत इंदिरा चैक क्षेत्र का भ्रमण की। इस दौरान सबसे ज्यादा समस्या पानी निकासी की मिला। देवार पारा जाने वाली गली में कच्चा नाली और सामुदायिक भवन के पीछे गंदा पानी एकत्र होने पर दुर्गन्ध उठना पाया गया।

नागरिकों का कहना था कि पूर्व में क्षेत्र में पानी निकासी का साधन था। ओवर ब्रिज के निकट नाला तक निस्तारी का पानी आराम से पहुंच जाता था। वर्तमान में अधिक्रमण हो चुका है।

नागरिकों का कहना था कि हर हाल में अतिक्रमण तोड़ नाली निर्माण किया जाए। गृहमंत्री के निर्देश पर शुरू हुए वार्ड भ्रमण कार्यक्रम में एमआईसी सद्स्य सोनिया देवांगन, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, ईश्वरी साहू, पार्षद चन्द्रप्रकाश निगम, नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर आदि उपस्थित थे।

**जल संरक्षण के लिए**

वार्ड 19 की पार्षद व एमआईसी सद्स्य सोनिया देवांगन सबसे पहले विजय चैक के निकट डबरी की सफाई करने और जल संरक्षण की दिशा में कार्य योजना बनाने की मांग की। मुरम उत्खनन के बाद उक्त स्थान पर पूरे साल पानी जमा रहता है। इसी पानी से भूमिगत जल स्त्रोत का स्तर बना हुआ है। पार्षद ने कहा डबरी गंदगी से पटता जा रहा है। डबरी के सूखने पर हैंड पंप से पानी की जगह हवा निकलेगा। इस पर आयुक्त ने तत्काल डबरी के चारो ओर सफाई कराने और जल संरक्षण के लिए कार्य योजना तैयार करने निर्देश दिए।

## विद्या दान सबसे बड़ा दान, स्कूलों को मजबूत करने व्यक्तिगत एवं सामुदायिक भागीदारी आमंत्रित

**कलेक्टर ने स्वयंसेवी संस्थाओं से की स्कूल शिक्षा को मजबूत करने में भागीदारी देने की अपील**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिले में सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से स्कूली शिक्षा को मजबूत किया जाएगा। शासकीय स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने, पढ़ाई की गुणवत्ता बढ़ाने तथा नवाचार के लिए व्यक्तिगत स्तर पर अथवा स्वयंसेवी संगठन आगे आकर कार्य कर सकते हैं। यह विद्यांजलि 2.0 कार्यक्रम से संभव हो सकेगा।**

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने यह बात विद्यांजलि 2.0 कार्यक्रम की समीक्षा बैठक में कही। यह कार्यक्रम सामुदायिक संस्थाओं और शिक्षा के क्षेत्र में रुचि लेने वाले लोगों की भागीदारी से चलाया जाना है। कलेक्टर ने इस मौके पर कहा कि आने वाली पीढ़ी को मजबूत करने शिक्षा की ठोस नींव रखनी जरूरी है। यह बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम है और सामुदायिक भागीदारी इसे अत्याधिक सशक्त करेगी। संस्थाएं स्कूलों में अधोसंरचना बढ़ाने कई तरह से मदद कर सकती हैं।

उदाहरण के लिए कोई संस्था चाहे कि अच्छी किताबें स्कूल की लाइब्रेरी में हो, तो ऐसी किताबें स्कूलों को उपलब्ध कराई जा सकती हैं। यदि किसी स्कूल में फर्नीचर की उपलब्धता की जरूरत है तो संस्था फर्नीचर उपलब्ध करा सकती हैं। व्यक्तिगत स्तर पर भी इसमें काफी ठोस कार्य किया जा सकता है। जो लोग शैक्षणिक अभिरुचि रखते हैं और बच्चों को इसके लिए तैयार करने की क्षमता रखते हैं वे इसमें सहयोग दे सकते हैं। ऐसा करके वे विशेष रूप से पढ़ाई में कमजोर बच्चों की मदद कर सकते हैं। कलेक्टर ने कहा कि मैंने देखा है कि कई बार सेवानिवृत्त शिक्षक जिन्होंने जीवन भर रुचि से बच्चों को पढ़ाया है ऊर्जा से भरे रहते हैं और आगे भी अपना कुछ समय विद्यार्थियों को देना चाहते हैं। ऐसे लोग भी अपनी सेवा का नि:शुल्क लाभ दे सकते हैं।

डीईओ श्री अभय जायसवाल ने इस अवसर पर संस्थाओं एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से आगे आकर विद्यांजलि कार्यक्रम में हिस्सा लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विद्या दान सर्वोच्च दान है। हम शिक्षा का स्तर मजबूत कर देश के विकास में अहम भागीदारी निभा सकते हैं। आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा में निवेश सबसे जरूरी है। सामुदायिक संस्थाएं इस दिशा में जितना योगदान करेंगी, शिक्षा व्यवस्था उतनी ही मजबूत होगी। स्कूलों में टूटफूट लगी रहती है। हर संस्था कुछ स्कूलों के कार्यों की देखरेख कर सकती है। इसमें लगने वाली सुविधाएं जुटा सकती है। कई बार कमजोर बच्चों को अलग से ट्यूशन की जरूरत होती है। इसके लिए व्यवस्था कराई जा सकती है। व्यावसायिक शिक्षा जो बच्चों को आने वाले समय के लिए कौशल के रूप में मजबूती दे, उसकी तैयारी भी कराई जा सकती है। संस्था चाहे तो बच्चों के पोषण की जिम्मेदारी भी ले सकती है।

## मांस विक्रय के लिए प्रतिबंधित दिवस पर कुछ दुकानें खुली मिली, भिलाई निगम ने की कार्रवाई, दुकानों को करवाया बंद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। महाशिवरात्रि के दिन 1 मार्च मंगलवार को पशु वध गृह, जीव हत्या एवं समस्त मांस विक्रय केंद्र निगमायुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर बंद रखा गया था। परंतु जब निगम की टीम ने निरीक्षण किया तो सेक्टर 6 एवं सुपेला लक्ष्मी मार्केट की कुछ दुकानें खुली हुई मिली।**

टीम जैसे ही पहुंची तो दुकानदार अपने दुकानें बंद करके चले गए।

निगम के कर्मचारियों ने समझाइश दी की प्रतिबंधित दिवस को मांस विक्रय की दुकानें बंद रहनी चाहिए। टीम में अंजनी सिंह और अन्य कर्मचारी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम के पहुंचने पर कई लोगों ने अपने दुकानों का शटर बंद करके तत्काल घर की ओर रवाना हुए। निगम की टीम ने पूरे शहर का निरीक्षण मांस विक्रय प्रतिबंधित दिवस को लेकर किया।

इस दौरान छुटपुट दुकानें मांस विक्रय की खुली मिली तथा कुछ पसरा लगाकर मांस विक्रय करते हुए मिले। इनकी दुकानें बंद करा कर सभी को आदेश का पालन करने की चेतावनी के साथ छोड़ा गया। कुछ मांस विक्रय करने वाले दुकानदार आधा शटर खोलकर मांस विक्रय कर रहे थे उनके दुकान को पूर्ण रुप से बंद कराया गया।

# नगर निगम भिलाई में 21 को मिली अनुकंपा नियुक्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई में 21 को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है। आयुक्त प्रकाश सर्वे ने इसका आदेश जारी कर दिया है और आज इन्हें अनुकंपा नियुक्ति का आदेश/नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया इस मौके पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं उपायुक्त सुनील अग्रहरी मौजूद रहे।**




होली त्यौहार के पूर्व इनकी नियुक्ति कर इन्हें एक प्रकार से तोहफा दिया गया है। 21 लोगों को अनुकंपा में नियुक्त करने के बाद इनके पदभार ग्रहण करते ही अब यह निगम कर्मचारी कहलाएंगे। उल्लेखनीय है कि शासकीय सेवा में रहते हुए मृत्यु हो जाने उपरांत इनके आश्रितों ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। महापौर नीरज पाल ने प्राप्त आवेदन की कार्रवाई पर तेजी लाने के निर्देश दिए थे। नगर पालिक निगम भिलाई में अनुकंपा नियुक्ति की बाट जोह रहे लोगों को अब नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि नियमित पद संरचना में कई पद स्वीकृत नहीं होने के कारण अनुकंपा नियुक्ति में कई बाधाएं आई। परंतु आयुक्त सर्वे ने पहल करते हुए प्रक्रिया में तेजी लाने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए जिसका परिणाम है कि आज 21 कर्मचारी अनुकंपा के लिए नियुक्त किए गए हैं। शासकीय सेवक के मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रितों को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है परंतु अब अनुकंपा नियुक्ति हो जाने से इनका मनोबल ऊंचा होने के साथ आर्थिक परिस्थितियों में भी अड़चन नहीं आएगी। अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के लिए अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की भूमिका भी स्थापना प्रभारी होने के कारण अहम हैं जिन्होंने विभागीय प्रक्रियाओं में समय-समय पर आयुक्त महोदय के मार्गदर्शन पर प्रक्रियाओं को विधिवत निरंतरता बनाए रखा। निकाय स्तर पर अनुकंपा नियुक्ति हेतु गठित छानबीन समिति की बैठक हुई थी जिसमें अनुकंपा के लिए दिए हुए आवेदन पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए अनुशंसा की गई है। अनुकंपा में नियुक्त किए गए कर्मचारियों में आज खुशी की लहर है, निगम के कर्मचारी संघ से विष्णु चंद्राकर, शरद दुबे, रामवृक्ष यादव, कृष्णा देशमुख, रामेश्वर चंद्राकर, अरुण सिंह, संजय शर्मा, देवेंद्र मोहन सखारकर, श्रवण कुमार एवं शिव शर्मा इत्यादि ने महापौर, निगम आयुक्त एवं अपर आयुक्त को अनुकंपा नियुक्ति का आदेश जारी करने पर उनका आभार व्यक्त किया है।

इन्हें इस पद पर मिली अनुकंपा नियुक्ति नरसिंग कोठारी, शुभम रामटेके, महेश कुमार देवांगन, ढाल सिंग साहू, जागेश्वर प्रसाद, सु नम्रता सिंह ठाकुर, सु निशा कुमारी, सु लीला लहरी, रोहित कुमार सिंह, पूर्वांश नायडू को सहायक ग्रेड 3 के पद पर नियुक्ति की गई है। विवेक कुमार साहू एवं सु त्रिवेणी देशपाण्डे को स्वच्छता पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्ति किया गया है। जी. मोहन राव, नरेन्द्र कुमार यादव, एम.ईमानियल, गजेन्द्र कुमार, अशोक यादव, एम.ओबेद, प्रदीप अग्रवाल, पीली बाई लहरे एवं मुकेश कुमार को भृत्य पद पर नियुक्त किया गया है। विभिन्न नियम शर्तों के तहत आदेश जारी किया गया है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950